CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिकायन

डॉ० अर्जुन दास केसरी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लौरिकायन

डॉ० अर्जुनदास केसरी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोक महाकाव्य

लोरिकायन

[मँजरी एवं लोरिक की जन्म तथा कर्मभूमि मिरजापुर की मौखिक परंपरा से प्राप्त सांस्कृतिक एवं प्रामाणिक गाथा]

डॉक्टर अर्जुनदास केसरी

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा नामित राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार से सम्मानित

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

● संस्करण : प्रथम, १९८० ई०

● © अर्जुनदास केसरी

● प्रकाशक :
कन्हैया लाल, रामगोविन्द दास
लोकरुचि प्रकाशन
राबर्ट्सगंज, मिरजापुर (उ० प्र०)

● वितरक :
केसरी पुस्तक भण्डार
राबर्ट्सगंज, मिरजापुर (उ० प्र०)



● मूल्य रु० 75.00 मात्र

● उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लेखक को प्रदत्त
आंशिक वित्तीय सहायता से प्रकाशित ।

● मुद्रक
कैक्सटन प्रेस,
बाई का बाग,
इलाहाबाद

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LORIKAYAN

[Cultural folklore of Mirzapur, the native soul of Lorik and Manjari]

Dr. Arjundas Kesari

Awarded by Uttar Pradesh Hindi Sansthan, Lucknow
Namit Rahul Sankrityayan Reward.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

Edition First, 1980

Publisher :

Kanhaiyalal Ramgovind Das

LOKRUCHI PRAKASHAN

ROBERTSGANJ, MIRZAPUR (U. P.)

Distributor :

KESARI PUSTAK BHANDAR

ROBERTSGANJ, MIRZAPUR (U. P.)

Price : Rs. 75.00 Only

Printed by :

CAXTON PRESS

BAI KA BAGH

ALLAHABAD.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

"जगनिक के लोक-महाकाव्य 'आल्हखंड' की तरह ही हमारे प्रदेश में 'लोरिकायन' महाकाव्य भी, विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्र में, अत्यधिक लोकप्रिय रहा है। यह होते हुए भी वह सम्पूर्ण महाकाव्य कहीं पढ़ने को नहीं मिलता था, किसी गाँव में किसी को उसका कोई अंश याद था और किसी को अन्य कोई अंश। हमारे लगन भरे प्रतिभाशाली युवक डॉ० अर्जुनदास केसरी ने वर्षों अनेक गाँवों में घूम-घूम कर उक्त महाकाव्य के विभिन्न अंशों को संकलित किया। यह बड़े साहस, धैर्य और लगन का काम था। डॉ० अर्जुन दास केसरी के वर्षों के तपोफल के स्वरूप यह लोरिकायन महाकाव्य आज आपके हाथ में है। उ० प्र० हिन्दी संस्थान डॉ० केसरी के अथक श्रम को 'राहुल सांकृत्यायन' पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित कर चुका है।

डॉ० केसरी हम सब के धन्यवाद और शुभकामनाओं के सुपात्र हैं। मैं इनकी उत्तरोत्तर उन्नति की कामना करता हूँ।"

अमृतलाल नागर

चौक, लखनऊ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अभिनन्दन

'लोरिकायन' के प्रस्तुत संस्करण के संकलनकर्त्ता एवं संपादक डा० अर्जुन दास केसरी वास्तव में लोक-साहित्य के प्रति समर्पित अध्यवसायी, शोधार्थी हैं। उनका कार्य-क्षेत्र व्यापक, श्रमसाध्य और तपस्या-परक है। दस वर्षों तक निरन्तर परिश्रम करके उन्होंने भोजपुरी की प्रसिद्ध लोकगाथा 'लोरिकायन' के विभिन्न अंशों और अंगों को एकत्र किया, उसका अनुशीलन और संपादन किया और उसे इस रूप में विज्ञ समाज के लिए प्रस्तुत किया। सफल काम, यशस्वी शोधार्थी, कृत-संकल्प मेधावी विद्वान् डा० अर्जुनदास केसरी को, 'लोरिकायन' के प्रकाशन के इस मंगलमय अवसर पर मैं हार्दिक बधाई देता हूँ।

लोरिकायन है क्या ? मैंने बचपन में अपने पारिवारिक भृत्य जगदेव से 'चनैनी' सुनी थी। 'चनैनी' गाते समय अहीर जगदेव का अंग-अंग थिरकने लगता था। तब मुझे क्या मालूम था कि चनैनी (चन्दायनी) विराट लोक प्रसिद्ध, लोक कण्ठ में ही अवस्थित, महिमा-मण्डित लोक महाकाव्य 'लोरिकायन'—लोक-मानस में विराजमान लोरिकचरित—का ही एक महत्त्वपूर्ण अंश है भोजपुरी—अवधी क्षेत्र में ही नहीं अन्य कई भाषाओं में व्याप्त और लोकप्रिय !

'महान् लोकगाथा' लोरिकायन' का शोध, अनुशीलन संपादन और प्रकाशन करके वास्तव में डा० अर्जुनदास केसरी ने हमें उपकृत किया है, ऋणी बनाया है।

धरती के बेटों और बेटियों के सहज, सरल, स्वाभाविक जीवन के चटख, रंगीन चित्रों को बार-बार अंकित करने वाले, सारे परिवेशों और संदर्भों के साथ मूल स्वरूप को उभार कर सामने रखने वाले 'लोरिकायन' का स्वागत ! धरती की ओर से, धरती की सोंधी महँक की ओर से, सस्य-श्यामल खेतों की ओर, उनकी मेड़ों पर बैठे युवकों और युवतियों के भावभीने, मादक-उन्मादक कण्ठस्वरों की ओर से 'लोरिकायन' का शत-शत अभिनन्दन-अभिवादन !

शिवरात्रि
14 फरवरी 1980

—श्री कृष्णदास

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिकायन—एक समर्पित शोध विद्यार्थी की महत्वपूर्ण उपलब्धि

श्री अर्जुनदास केसरी ने शताब्दियों से मौखिक परम्परा से चले आ रहे लोरिकायन जैसे महान् जन-काव्य को लिपिबद्ध करके भारतीय मनीषा की महत्वपूर्ण सेवा की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आंशिक रूप से गाये जाने वाले इस लोककाव्य के कितने ही गायकों से सम्पर्क स्थापित करके पूरी गाथा का उद्धार करने में उन्हें लगभग 10 वर्ष लगे हैं। रेलवे विद्यालय की अच्छी सी लगी-लगायी नौकरी छोड़कर श्री केसरी ने लगभग विपन्नता का जीवन स्वीकार करके अपने को राबर्ट्सगंज क्षेत्र में समाधिस्थ कर दिया तभी जाकर यह कार्य पूरा हो सका; अन्यथा नगरीय जीवन की हलचलों में फँसकर कितने ही अच्छे अन्वेषकों तथा सहृदय पाठकों के स्वप्न अधूरे रह गये। श्री केसरी ने इस कार्य के दौरान अपने को मिर्जापुर की जन-जातियों के साथ एकमेव कर लिया। उनके बीच कितनी ही रातें अलावों के आस-पास बैठकर उन्होंने गुजारीं। आश्चर्य तो यह है कि यह सारा कार्य उन्होंने नितांत असुविधाजनक स्थिति में पूरा किया। न टेप रिकार्डर, न वित्तीय सहायता, न आवा-गमन के साधन। ऐसी स्थिति में यह सारा का सारा कार्य मध्यकालीन वातावरण में अलाव के प्रकाश में बैठकर किये गये एक यज्ञ जैसा पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाना चाहिये।

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निर्देशक के नाते जिन कुछ कार्यों के लिए मैं जीवन भर रोमांच का अनुभव करूँगा उनमें एक था लोरिकायन को संस्थान के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित करने के निर्णय में भागीदार होना। इसके पूर्व केवल प्रकाशित ग्रन्थों को ही पुरस्कृत करने की परम्परा थी। मैंने कार्यकारिणी से आग्रह करके पाण्डुलिपियाँ भी पुरस्कार के लिए स्वीकृत करने की योजना आगे बढ़ाई। जब पाण्डुलिपियों की माँग पत्रों में प्रकाशित हुई तब हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हिन्दी प्रदेश में कितनी पाण्डुलिपियाँ अप्रकाशित पड़ी हुई हैं? उदाहरण के लिए श्री केसरी द्वारा किया गया लोरिकायन सम्बन्धी कार्य ही ले लें। श्री केसरी ने जिन स्थितियों में यह कार्य पूरा किया था उनमें उन्हें कितने अभावों के बीच गुजरना पड़ा होगा इसका अन्दाज हम नगरों में बैठकर नहीं लगा सकते। राबर्ट्सगंज में एक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

छोटा सा विद्यालय बड़ी मुश्किल से श्री केसरी इन दिनों चला रहे हैं जिसे अभी तक किसी प्रकार की सहायता प्राप्त नहीं है। उनके विद्यालय में आदिवासी एवं पिछड़ी जाति के छात्रों की संख्या काफी है लेकिन उन छात्रों से किसी प्रकार की फीस प्राप्त करना बहुत ही मुश्किल काम है। श्री केसरी ने यह सारा कार्य लगभग भूखे रहकर पूरा किया है। ऐसी स्थिति में यह आशा करना कि वे इतना बड़ा ग्रन्थ अपने साधनों से प्रकाशित करेंगे एक दुराशा ही सिद्ध होगी। इसीलिए उन्हें छः हजार रुपये का पुरस्कार देते हुए संस्थान ने यह आशा की थी कि अब इस पुस्तक का प्रकाशन सम्भव हो जायगा। सौभाग्य से पुस्तक पुरस्कार प्राप्ति के एक वर्ष के अन्दर ही प्रकाशित हो रही है और इस प्रकार शताब्दियों से उपेक्षित पूरी लोक-गाथा सुरक्षित होने जा रही है। यह दुख की बात है कि हिन्दी संस्थान ने मेरे बाद पाण्डुलिपि पर विचार करने की परंपरा समाप्त कर दी है। इस निर्णय के कारण निश्चित ही कितने अच्छे लेखक और शोधकर्ता असुविधा का अनुभव करेंगे। इसलिए मुझे आशा है कि हिन्दी संस्थान अपने हुए निर्णय पर पुनः विचार अवश्य करेगा।

लोरिकायन के सम्बन्ध में जहाँ तक मेरी स्मृति जाती है श्री केसरी से मेरी बातचीत लगभग आठ वर्ष पहले हुई थी। उन दिनों मैं मिर्जापुर के लोक-जीवन पर एक उपन्यास लिखने की योजना बना रहा था जिसमें मुझे कदम-कदम पर असुविधा हो रही थी। उत्तर प्रदेश मासिक पत्रिका के सम्पादक के नाते मैंने प्रदेश के ऐसे पिछड़े अंचलों पर काफी सामग्री प्रकाशित की थी और इसी सिलसिले में मेरी श्री केसरी से बातें भी हुई थीं। लोरिकायन की संक्षिप्त कथा सम्भवतः पहली बार उत्तर प्रदेश पत्रिका में ही धारावाहिक प्रकाशित हुई थी जिसने कितने लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। तभी मैंने ध्यान से लोरिकायन के कुछ अंश भी पढ़े थे और उनके भीतर वर्णित अथवा चित्रित समाज की गहराइयों को आंकने की कोशिश की थी। वह एक रोमांचक अनुभव था जिसके लिए मैं आज भी श्री केसरी का आभारी हूँ। बाद में लोरिकायन की पूरी पाण्डुलिपि मेरे सामने आयी और उसे मैंने कई बार ध्यान से पढ़ा। कहने को उसकी भाषा भोजपुरी है और उस पर अवधी का काफी प्रभाव है लेकिन केवल इतना ही कह देने से वह अनुभव व्यक्त नहीं किया जा सकता जो इस विशाल रचना के मोड़ों, आवर्तों और कथानक रूढ़ियों के बीच गुजरने में प्राप्त होता है। मैं स्वयं पूरब का निवासी हूँ और जीवन के पिछले वर्षों में मैंने लोक-साहित्य को पूरी आस्था और तन्मयता के साथ देखा, सुना और समझा है। लोरिकायन न केवल उन अनुभवों में वृद्धि करता है बल्कि कुछ ऐसी अनथाही गहराइयों तक ले जाता है जहाँ इसके पहले पहुँचने का अवसर मुझे भी नहीं मिला था। इन अनुभवों के लिए भी मैं श्री केसरी का आभार मानता हूँ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लोरिक देव के सम्बन्ध में कभी डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ था। निश्चित ही पंडित जी ने अपने उन पुस्तकों में कल्पना का सहारा लिया था लेकिन कुल मिलाकर वे लोरिकायन का मूड पकड़ने में काफी समय तक सफल हुए थे। मैं पिछले कई महीनों से लोरिकायन की पाण्डुलिपि बार-बार पढ़ रहा हूँ लेकिन आज भी उसका सही मूड पकड़ने में मुझे सफलता नहीं प्राप्त हुई है। इसका मूल कारण मैं अपनी असमर्थता मानता हूँ। लेकिन कुछ हद तक लोरिकायन का शिल्प भी इसका कारण हो सकता है।

आज से तीस वर्ष पहले कभी संथाल परगने के लोकगीतों को मैंने जिस तरह आत्मसात किया था इन दिनों उन्हीं गहराइयों से इस महागाथा को पकड़ने की कोशिश मैंने की है। केवल कवि समय, कवि उक्तियाँ या कथानक रूढ़ियों का विवेचन कर देने से ही लोरिकायन को पूरी तरह समझा नहीं जा सकता। यह कथा शास्त्रीय खाना-पूरियों या ठंडे विवेचनों से कुछ अधिक बैठती है। इस आधिक्य को पकड़ने का प्रयत्न पिछले कई महीनों से कर रहा हूँ और अभी भी यह नहीं कह सकता कि लोरिकायन मेरी पकड़ में आ गया है। यह बात मैं अगर स्वीकार न करूँ तो उस गाथा के साथ अन्याय हो जायगा।

सम्प्रति इतना ही।

31, गुलिस्तां कालोनी
लखनऊ

ठाकुर प्रसाद सिंह

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अनुक्रमणिका

1—ग्रंथ के विषय में (16—30)

लोरिक सम्बन्धी कथाएँ और किंवदन्तियाँ (14), लोरिक कथा का क्षेत्र विस्तार (17), आभीर जाति की रामायन (18), लोरिक-कथा के स्रोत (31); इस गाथा पर हुए कार्य की समीक्षा (22); प्रस्तुत सामग्री (24), कथा-संरचना (25), 'लोरिकायन' का कथा-शिल्प (26) प्रबंधात्मकता (27), छन्द-परिचय (27); 'लोरिकायन' में संगीत नृत्य तथा नाट्य तत्व (28), 'लोरिकायन' की भाषा (30); संकलन की पद्धति तथा बाधाएँ।

2—पहला खण्ड : लोरिक मंजरी—बाल काण्ड (1—35)

लोरिक का जन्म (2), राजा मोलागत और महरा में संघर्ष का आरम्भ (10), राजा मोलागत का महरा के घर जाना (10), महरा द्वारा राजा का अपमान तथा राजा के सिपाहियों द्वारा महरा को टेककर राजा के समक्ष उपस्थित किया जाना (11), राजा का महरा के साथ कौड़ी खेलने का आग्रह (12), महरा की जीत (13), राजा का देश निकाला (13), ब्रह्मा द्वारा राजा की सहायता (14), राजा की जीत और राज्य वापस (15), महरा द्वारा महरिन की कोख हारना (16), मंजरी का जन्म (18), नाल-छेदन (19) राजा का मंजरी को पाने का यत्न प्रारम्भ (20), नोना चमाइन की विदाई (21), राजा का मंजरी को पाने का पुनः प्रयास (22), महरिन की चालाकी : राजा वापस (23), कैथे की लड़की का मंजरी को मेहना (24), मंजरी के लिए योग्य वर की खोज (27) लोरिक की वीरता (29), राजा सहदेव द्वारा तिलक में बाधा उपस्थित किया जाना (30) धरमी के विवाह का प्रसंग (31), लोरिक का तिलक तय (32)।

3—दूसरा : विवाह काण्ड (36—79)

बारात की तैयारी (35), बारात का पड़ाव कोटासे में (37), कोटासे के राजा से युद्ध (39), लोरिक की जीत, (39) बारात का अगोरी की ओर प्रस्थान (41), राजा का विरोध (43), बारात का पार उतर कर अगोरी पहुँचना (44), विवाह की विभिन्न शर्तें (45), गिलास की रहस्यमय चोरी, (54) गिलास का छिपाया जाना (56), तरई गोबर सैती के यहाँ-प्रस्थान (57), गिलास वापस (58), गिलास

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पाने के लिए धरमी लोरिक का योगी-रूप धारण (59), महीचन तेली के घर गिलास, लोरिक उसे लेकर बारात लौटता है (60), मंजरी के विवाह की तैयारी (63), एकान्त में लोरिक का मंजरी से मिलन कराने का प्रयास (64), गड्या का महरा के घर जाना (65), हास-परिहास (66), गड्या का मँजरी के घर से पुनः बारात को वापस होना (68), लोरिक का मंजरी के घर जाना (68), मंजरी-लोरिक मिलन (72), मंजरी द्वारा लोरिक को राजा के आतंक से आतंकित किया जाना (72), लोरिक का नाल उठाकर जोर आजमाना (73), देवी-देवताओं का वरदान प्राप्त करना (75), लोरिक का महादेव से प्रकट बात करना (75), दुर्गा से प्रकट बात करना (76), मनियाँ से वरदान प्राप्त करना (77), हाथ के अंगूठे से पेड़ गिराना: राजा से युद्ध का प्रारम्भ (78)।

4—तीसरा : युद्ध काण्ड (80—123)

लोरिक का बारात में वापस जाना, (81) गुण्डों को मारकर राजा को आतंकित करना (81) मंजरी की तथा साथ ही बारात की विदाई (82) गाय-भैंस के दहेज की प्रथा (83), मंजरी की कारुणिक विदाई (84), मंजरी के खूंट में विष ताकि लोरिक की पराजय की स्थिति में मंजरी उसे खाकर मर जाय (85), मरदमल से युद्धः लोरिक की जीत (87), मरदमल को राजा द्वारा आधा राज्य देने का वचन (87), मरदमल की दुर्गति (91), राजा मोलागत द्वारा लोरिक से युद्ध के लिए अन्य राजे-महाराजे आमंत्रित (93), युद्ध की तैयारी (94), मंजरी का भयभीत होकर विष खाने का प्रयास (94), धरमी का वाण जो मंजरी के स्पर्श से विष हो जाता है (94), लोरिक भी युद्ध के लिए तत्पर (94), युद्ध प्रारम्भ (97), लोरिक का इनरावत हाथी से युद्धः लोरिक की जीत (97), राजा निरमल को पत्र लिखना, युद्ध के लिए निरमल का आना, युद्ध तथा दुर्गा की सहायता से लोरिक की जीत (101), जीवन-निमित्तक वस्तु से निरमल के विजय-पराजय की परीक्षा (103) निरमल का अगोरी पहुँचना (104), लोरिक-निरमल वार्त्ता (107), निरमल वापसः राजा क्रुद्ध (107), निरमल वापसः युद्ध के लिए तत्पर (107), निरमल-लोरिक के बीच युद्ध (108), दुर्गा द्वारा इन्द्रासन जाकर ब्रह्मा के हाथ से लिखी निरमल के हाथ लोरिक की मृत्यु की जगह लोरिक के हाथ निरमल की मृत्यु लिखवाना (109), निरमल और लोरिक में युद्ध (112), मंजरी की विदाई (119), लोरिक मंजरी का गउरा के लिए प्रस्थान (120), लोरिक-पत्थर : लोरिक की वीरता की निशानी (120), गउरा में खान-पान का उत्सव (121)।

5—चौथा : संवरू काण्ड (दूसरा खण्ड (124—168)

सुमिरनी (125), दुर्गा का इन्द्रलोक प्रस्थान (125), फाग खेलने के लिए

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

डंफा का बनवाया जाना (128), गडिया का डंफा बनवाने के लिए बोहा प्रस्थान (128), संवरू द्वारा सामर का शिकार (129), गउरा का फाग (130), सहदेव की लड़की चनवाँ से होली (130), सिल्हिया का संवरू से चनवाँ का विवाह करने का ताना (131), लोरिक चिंतित (132), राजा भिमली से अजई पराजित (133); अजई की सहायता के लिए लोरिक आमंत्रित (134), बारात की तैयारी (134), बारात का प्रस्थान (135), बारात दानव के पेट में (136) बारात का पता लगाने में क्रमश, चन्द्रमा, शुक्र, गोबरसैंती, नाग देवता आदि सहायक (137), धरती माता सहायक : बारात का उद्धार (138), डाइन का छल : अजई उसके मुख में (141), गंडिया भी उसके गाल में समाहित (141), लोरिक को भी निगलने का प्रयास, किन्तु लोरिक डाइन को मारकर अजई गंडिया के उद्धार में सफल (142), बारात बरईपुर की ओर (142), सवा लाख बारातियों द्वारा बरईपुर का बगीचा नष्ट (143), राजा के पास शिकायत (144), बरईपुर के राजा की लड़की से लड़ाई (144), लड़की पराजित किन्तु लोरिक के प्रति आसक्त (146), विवाह का हठ (146), बारात सगरे के भीटे पर (147), वहाँ के महाजन द्वारा बारात का स्वागत (147), गाँव की स्त्रियों के साथ बारातियों का दुर्व्यवहार (150) राजा से शिकायत (151), राजा भिमली के सरीर पर हाथी की दंवरी (151), राजा भिमली से लड़ाई (152), सतिया के छल से सवा लाख बाराती सर्प-दंश से मृत्यु के गाल में (155), लोरिक के प्रयास और दुर्गा की कृपा से बारात पुनः जीवित (156), लोरिक द्वारा हंस-हंसिन की सहायता (158), हंस-हंसिन की पीठ पर सवार होकर लोरिक द्वारा सात समुद्र पार की यात्रा (159), दुर्गा का स्त्री-रूप धारण करके अगिया-कोयलिया से सतिया का सोहगैली प्राप्त करना (160), मृत्यु लोक को पुनः वापस (160); लोरिक द्वारा अपनी जांघ का माँस काटकर चिड़ियों की भूख शान्त करना (161), लोरिक का बमरी के राजा से भेट : विवाह का प्रस्ताव (163), राजा द्वारा विवाह की अस्वीकृति (163), संघर्ष की स्थिति उत्पन्न (164); विवाह सम्पन्न, बारात की विदाई (164), गउरा के लिए प्रस्थान (165), बरईपुर की लड़की लोरिक पर मोहित (166), विवाह के लिए हठ : लोरिक द्वारा विवाह की अस्वीकृति (166), बारात गउरा वापस (166), धरमी बोहा में (167)।

6—तीसरा खण्ड : पाँचवाँ : लोरिक-चनवाँ-उद्धार काण्ड (167—186)

सुमिरनी (169), लोरिक को दुर्गा का अजेय होने का वरदान (170); लोरिक के द्वार पर दुर्गा की स्थापना (170); दुर्गा का इन्द्रलोक प्रस्थान (17); चनवाँ के प्रति सेवहर की नपुंसकता (173); चनवाँ का गउरा जाने का बहाना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(175) सेवहर ब्योरानदी तक चनवाँ गउरा को (175), सेवहर बिजरी वापस (176), बंठवा चमार की चनवाँ के साथ छेड़खानी (176), बंठवा को धोखा देकर चनवाँ का पलायन (176); बँठवा द्वारा पीछा किया जाना (177); बँठवा का चनवाँ के साथ विवाह का हठ, राजा-प्रजा सब आतंकित (178), राजा से शिकायत (177), रानी सेल्हिया का लोरिक को वस्तु-स्थिति से अवगत कराना (181) लोरिक बँठवा की लड़ाई (182) दुर्गा सहायता करने में असमर्थ (183); लोरिक-बँठवा दोनों अजई गुरु के शिष्य (183), गुरुवाइन बिजवा द्वारा लोरिक की सहायता (184), बंठवा लोरिक में लड़ाई (185), लोरिक की जीत (186)।

तीसरा खण्ड–7 पाँचवाँ काण्ड : लोरिक द्वारा चनवाँ का उद्धार (187-209)

चनवाँ द्वारा बंठवा की सहायता का प्रयास (188), राजा सहदेव को भोज देने का दण्ड (189), जात-बिरादरी का भोज (189), लोरिक भी बिरादरी में सम्मिलित (191), लोरिक की वीरता देखकर चनवाँ में प्रेम-भावना का उदय (191), चनवाँ की लोरिक के साथ छेड़खानी (192), लोरिक को सेल्हिया द्वारा विष देकर मार डालने का प्रयास (192), चनवाँ द्वारा बचाव (192), दोनों का एक दूसरे के प्रति आकर्षण (193), लोरिक द्वारा गुप्त मिलन का प्रयास (193), लोरिक बरहा के सहारे चनवाँ से मिलने में सफल (197), अजई को लोरिक के चरित्र पर सन्देह (198); लोरिक की सफाई (198), मँजरी का भी सन्देह : लोरिक द्वारा समझाने का प्रयास (199); मँजरी की सास से शिकायत (200); मँजरी-चनवाँ में झगड़ा (201), चनवाँ को भगाकर ले जाने का कार्यक्रम तय (202), लोरिक का रात में निकल भागना (202), चनवाँ के संग बोहा के लिए प्रस्थान (203), हरदी के लिए तैयारी (204), लोरिक से लड़ाई : सेवहर पराजित (205), सेवहर द्वारा पिपरी के कोलों का भड़काया जाना (205), लोरिक जमुनी कलारिन की ओर आसक्त (206)।

8—हरदी काण्ड (210-226)

लोरिक राजा महुअर के यहाँ नौकर नियुक्त (211), लोरिक का प्रजा-वर्ग के साथ दुर्व्यवहार (213), राजा से शिकायत (214), नेउरपुर के राजा हरेवा-परेवा राजा से बदला लेने के लिये प्रस्थान (215 , छेवली के वन में (217), नेउरपुर का राजा लोरिक को फँसाने के लिए छेवली के वन में जाल फिकवाता है, दुर्गा की सहायता से लोरिक का बच निकलना (219), भयंकर युद्ध : लोरिक की जीत (220), लोरिक हरदी वापस (221), महुअर राजा से लोरिक को आधा राज्य

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्राप्त (221) बोहा में सँवरू कोलों से संघर्ष की स्थिति में (221), कोल पराजित कोलिन बिरम्हीं द्वारा छल (222), कोलों का राज्य वापस : धरमी हत (223), सारी सम्पत्ति कोलों के हाथ (224), मँजरी की दुर्दशा (224), नायक शोभा का मँजरी की स्थिति से लोरिक को अवगत कराने का प्रयास (224), शोभा का लोरिक को पत्र (225), पत्र चनवाँ के हाथ : चनवाँ का पत्र छिपाने का प्रयास (225), गंगिया का स्वागत : गँगिया वापस (226)।

9—सातवाँ : सती-परीक्षा काण्ड (228-240)

गंगिया शोभा द्वारा दण्डित (228), लोरिक वस्तुस्थिति से अवगत (229), लोरिक दुखी होकर गउरा को वापस (230), मँजरी की सत्य-परीक्षा (235), लोरिक-अजई, में युद्ध (237), लोरिक का अजई खुइलन, अभोरिका से मिलना प्रसन्नता व्यक्त (239)।

10—चौथा खण्ड : आठवाँ, उद्धार काण्ड

लोरिक बिरम्हीं कोलिन के जादू का शिकार (242), बिरम्हीं की हत्या : पिपरी गाँव स्वाहा (243), लोरिक देवसिया के तीर का शिकार (244), दुर्गा की कृपासे लोरिक पुनःजीवित : गउरा वापस (244), अभोरिका देवसिया युद्ध में अभोरिका की जीत (244), लोरिक द्वारा मृत्यु को आमंत्रण (245), अभोरिका को देवी की कृपा प्राप्त (246), जमुनी के गर्भ से बोलारख का जन्म (246), सिपाहियों का अभोरिका के विरुद्ध बोलारख को उकसाना (251), जमुनी का आशीर्वाद प्राप्त कर अभोरिका का गउरा वापस लौटना (253), देवाइच और चनरइता को महदेव द्वारा यातना (255), अभोरिका का मुक्ति दिलाने का प्रयास (255), सेल्हिया का विष देकर अभोरिका को मार डालने का प्रयास (255), दुर्गा सहायक (256), अभोरिका का चनवाँ से भेंट उसकी दयनीय स्थिति पर अभोरिका दुखी (257), चनवाँ का उद्धार (257), बिरादरी की बैठक (257), अभोरिका द्वारा काशी जाकर पिण्डदान : पूर्वजों का उद्धार (258), बरईपुर की लड़की का छल-अभोरिका तोतारूप में (261), चनरइता देवाइच द्वारा अभोरिका का उद्धार (262) सतिया का छल (262); जमुनी से सामना (263), जमुनी की जीत : सुगनापुर की लड़की अभोरिका पर मोहित (266), अभोरिका द्वारा लोरिक का उद्धार (266),

11—शान्ति काण्ड :

चनरइता देवाइच विवाह (266) दोनों का सुरावल के लिए प्रस्थान (268) राजा बमरी आतंकित (268), किन्तु बाद में आतिथ्य (268), गंजेड़ीपुर के राजा की लड़की से शादी का प्रस्ताव (269), तिलक तथा खान-पान (271), शादी में

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मँजरी भी सम्मिलित (272), बारात का गंजेड़ीपुर के लिए प्रस्थान (274), जयसिंह से चनरइता की लड़ाई : आकाश मार्ग में (276), जयसिंह की पराजय : विवाह तथा द्वारचार (277), बारात वापस (279), मंजरी गउरा वापस (279), अभोरिक मँजरी दोनों का सुखपूर्वक गउरा में निवास (280)

11 गोपीचन्द्र का पाठ 282

12. राम दास कुर्मी का पाठ 294

13. चिरागन का पाठ 303

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ग्रंथ के विषय में

'लोरिकायन'[1] भोजपुरी की प्रमुख लोकगाथा है जो देश के कोने-कोने में बड़े चाव से गायी और सुनी जाती है। इसमें वीर लोरिक का सम्पूर्ण जीवन-चरित्र पद्यबद्ध शैली में अंकित है।

इस लोकगाथा को उपजीव्य बनाने वाले कई आख्यानक काव्य हैं। अवधी के प्रथम प्रेमाख्यानक काव्य 'चन्दायन' का मूलाधार यही कथा है। एक ओर दक्खिनी हिन्दी, अवधी और बंगला के कतिपय मध्यकालीन प्रेमाख्यानक काव्यों में प्रयुक्त होने तथा फारसी में अनूदित होने के कारण यह व्याप्ति और लोकप्रियता की दृष्टि से अन्य-भारतीय लोक-गाथाओं में बेजोड़ है तो दूसरी ओर 'वर्णरत्नाकर' तथा 'लोरकहा' के साक्ष्य पर अपभ्रंश काल से अद्यावधि धारावाहिक रूप में इसको विभिन्न साहित्यिक कृतियों का उपजीव्य बनते रहने के प्रमाण भी मिलते हैं।

आधुनिक काल में आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी का उपन्यास 'पुनर्नवा' इसके उपयोग का सर्वोत्तम उदाहरण है। इसी प्रकार अपनी दीर्घ परंपरा, व्याप्ति और लोकप्रियता के साथ लोरिक की बहुक्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय लोकवार्त्ताएँ, लोरिक-सम्बन्धी कथाएँ और किंवदन्तियाँ वैविध्यपूर्ण तथा पर्याप्त महत्वपूर्ण हैं।

---

1. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिए—'मिरजापुर की मौखिक परंपरा से प्राप्त 'लोरिकी' का सांस्कृतिक एवं तुलनात्मक अध्ययन' : अर्जुनदास केसरी का शोधप्रबंध, काशी विद्यापीठ; 'चंदायन' : माताप्रसाद गुप्तः; 'चंदायन' : डा० परमेश्वरी लाल गुप्त; 'लोरिकी' : डा० श्याममनोहर पाण्डेय; 'चंदायन' : मौला दाऊद दलमई; सतीमैना उलोर-चन्द्रानी' : दौलत काजी; 'साधन कृत मैनासत'; 'गवाती कृतमैना सतवन्ती'; लोरिकायन' : महादेव प्रसाद सिंह; 'भोजपुरी लोकगाथा : डा० सत्यव्रत सिन्हा; 'लोरिक वीर नाटक' : ठाकुर महताब सिंह; 'गाता हुआ पहाड़' : डा० जयशंकर त्रिपाठी; Popular Religion and Folklore of Northern India vol. II. W. Crooke; The Tribes and Castes of the North-Western Provinces and Oudh : W. Crooke, Vol. I; Memoirs of the History Folklore, and Distribution of the Races of the North Western Provinces of India by Sir Henry M. Elliot; S. C. Dubey : Fieldsongs of Chhattisgarh.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भिन्न-भिन्न विधाओं और रूपों में भोजपुरी, अवधी, छत्तीसगढ़ी, मैथिली तथा बंगला भाषा के क्षेत्र में प्रचलित इसके अनेक संस्करण और रूपान्तर प्राप्त होते हैं। तब भी यह महागाथा अभी तक मौखिक परंपरा में ही रही है। मौखिक परंपरा के ही कारण इसके मूल स्रोत का पता लगाना टेढ़ी खीर है। इसके अलिखित होने के पीछे दो मुख्य कारण रहे हैं। प्रथमतः यह लोक-प्रचलित धारणा है कि इसके लिख लेने मात्र से लिखने-लिखाने वालों का अनिष्ट होगा। विद्वानों में यह धारणा भी कार्य करती रही है कि इसके लिख डालने मात्र से इसकी आत्मा की हत्या हो जायगी[1]। यही कारण है कि 'लोरिकायन' ही नहीं अन्य अनेक लोककाव्य और कथाएँ गाँव-गाँव घर-घर भरी पड़ी हैं। उनका कोई संग्राहक नहीं है। और यहाँ यह बता देना अभीष्ट है कि जब कोई साहित्य अलिखित रह जाता है तो उससे सम्बन्धित अनेक प्रवाद और किंवदन्तियाँ भी उसकी अक्षुण्यता को उपजीव्य बनाये रखने के लिए अपने आप प्रचलित हो जाती हैं। लोरिक से सम्बन्धित अनेक किंवदन्तियाँ यत्र-तत्र प्रचलित हैं।

लोरिक सम्बन्धी कथाएँ और किंवदन्तियाँ

यों तो, 'लोरिकायन' गाये जाने वाले जितने क्षेत्र हैं उन सबमें लोरिक सम्बन्धी कथाएँ और किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं किन्तु मिरजापुर की धरती तो मंजरी तथा लोरिक की जन्म तथा कर्मभूमि ही है, इसलिए यहाँ और भी जनश्रुतियाँ प्रचलित हैं।[2]

मिरजापुर-दक्षिणांचल में राबर्ट्सगंज से पाँच कि० मी० दक्षिण स्थित 'मार-कुण्डी घाट' पर एक शिला-खण्ड 'लोरिका पत्थर' के नाम से जाना जाता है। कहते हैं और लोकगाथा में भी उल्लेख है कि इस शिला-खण्ड को लोरिक ने अपनी पत्नी के कहने पर अपनी तलवार से तीन खण्डों में विभाजित कर दिया था।[3]

---

1. द बैलेड : सिजविक, पृष्ठ 39

2. The legend of Lorik is very popular among the Ahir tribe, and has been localized in the Mirzapur district in a curious way which admirably illustrates the principles which we have been discussing.

See—Lorik legend, Shahabad Version : Shahabad Gazetteer.

3. When they reached in their flight the Markundi Pass, the wife Manjani (Manjari) advised Lorik to use her father's sward, which with admirable for thought, she had brought with her. He preferred his own weapon, but she warned him to test both. His

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिक-कूद—मारकुण्डी घाट से पश्चिम 'कण्डाकोट' नाम की एक पहाड़ी है। प्रचलित है कि विजयगढ़ दुर्ग लोरिक द्वारा और कण्डाकोट का दुर्ग सूरा द्वारा बनाया गया था। ये दोनों ही एक सुन्दरी (सम्भवतः मंजरी) से ब्याह करना चाहते थे। दोनों में उसके लिए युद्ध होने लगा। अंत में निर्णय हुआ कि दोनों उस सुन्दरी के लिए अलग दुर्ग का निर्माण करें, जिसका दुर्ग पहले बनेगा, वही इसका वरण करेगा और जिसका दुर्ग पहले बन जायगा वह प्रतीक स्वरूप मशाल भी जलायेगा।

दोनों दुर्ग बनाने लगे। इसी बीच लोरिक का कोई सामान खो गया और उसे खोजने के लिए उसने मशाल जलाई। सूरा ने सोचा कि लोरिक का दुर्ग बनकर तैयार हो गया है, अतः सुन्दरी को प्राप्त करने के लिए 'कण्डाकोट' के नीचे कूद पड़ा। जब इसके कूदने की आवाज लोरिक के कानों तक गई तो वह भी कूद पड़ा। दोनों में संघर्ष हुआ जिसमें अंतिम विजय लोरिक की हुई और सुन्दरी को प्राप्त करने का अधिकारी भी यही हुआ। पहाड़ी के नीचे कूदने के कारण उसके पाँवों के निशान आज भी दिखाये जाते हैं।[1]

लोरिक की धमेख[2]—इसी प्रकार सारनाथ के बौद्धस्तम्भ को भी 'लोरिक की कूद' के नाम से जाना जाता है[3]। कहा जाता है कि लोरिक वहाँ से कूदकर चुनार दुर्ग, फिर वहाँ से कूदकर अदलहाट से सात कि० मी० पूरब, भाईपुर कला के पास ललमनियाँ नामक पहाड़ी पार आया था। वहाँ उसके पाँवों के निशान आज भी दिखाये जाते हैं।

---

own sward broke to pieces against the huge boulder of the pass, but Manjani's weapon clave it in twain.

—The tribes and Castes of the North Western Provinces and Oudh : W. Crooke Vol, I, 1896, Page 55.

Muir : Ancient Sanskrit Texts. V. 425 Sq., Lal Bihari De-Folktales of Bengal 193 Sq. 277, Temple Legends of the Punjab, 48 Sqq. Wide awake Stories 277 Sqq., Campbell: Popular Tales-i 2, Katha saritsagar II Tawney p. 323-

1. कण्डाकोट का असुरायण दुर्ग : अर्जुनदास केसरी, 'आज' 11-6-71

2. 'भोजपुरी' : रघुवंश नारायण सिंह, 1954, पृष्ठ—6

3 ....."जवन लोरिक एतना परसिद्ध बा कि सारनाथ में गौतम बुद्ध के दूनों स्मारक के ओकर कुदान के ऊँची मानक जातबा। ऊका महाकाव्यक छोट नायक होई आ ओकरा जीवन क जवन कहनी बाइ, समाज में कम बलदेई ?" रघुवंश नारायण सिंह : भोजपुरी 1954, पृ०—6

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

यह भी कहा जाता है कि कूदते समय उसके कन्धों पर दूध का पटेवा था, कूदने के कारण दूध के वे पात्र भी गिर पड़े जिससे एक पहाड़ी ही फट गई और एक शिला पर निशान बन गये।

लोरिक की खाँड़ (तलवार)—अगोरी से लगभग 8 कि० मी० दक्षिण (ओबरा के पास) एक पहाड़ी थी जिसके ऊपर एक तलवार पड़ी बतायी जाती थी। कहा जाता है कि, उसे जो भी छूता, वही मूर्छित होकर गिर जाता। लोगों का विश्वास था कि वह तलवार लोरिक की ही थी, जो बाद में रेणनदी की धारा में प्रवाहित हो गई।[1]

लोरिक का अखाड़ा—मिर्जापुर में ही घोरावल नामक स्थान से पाँच कि० मी० दक्षिण 'गुरवल' नाम का स्थान है। कहते हैं, लोरिक वहीं लड़ता-लड़ाता था। लोरिक के बड़े भाई सँवरू को अगोरी से जो पशु दहेज में मिले उन्हें उसने पार ले जाते समय वहीं पलाश के चार खूँटे गाड़कर बाँध दिया था।[2]

इनरावत हाथी—अगोरी में सोणनद के अंदर एक शिलाखण्ड हाथी के आकार का पड़ा है। कहा जाता है कि यही 'इनरावत' अथवा 'करमामेल' हाथी है जिसे लोरिक ने एक ही तलवार के वार से मृत्यु के घाट उतार दिया था।[3]

बलिया जिले में भी लोरिक से सम्बन्धित अनेक प्रवाद प्रचलित हैं। वहाँ 'लोरिक डीह' है जिसके बारे में कहा जाता है कि लोरिक वहीं रहकर लड़ता-लड़ाता तथा गायें चराता था। वहाँ से थोड़ी दूर पर 'बरम्हाइन देवी' का मन्दिर स्थित है, कहते हैं, यही देवी लोरिक को इष्ट थी जिसके कारण उसे सर्वत्र सफलता मिलती गई। वहाँ 'सँवरू बाँध' और 'मड़हा नदी' भी है जिसके बारे में अनेक जन-श्रुतियाँ प्रचलित हैं और प्रस्तुत गाथा में भी उनका यथास्थान उल्लेख हुआ है।

1: लोरिक की तलवार का प्रस्तुत गाथा में अनेकशः वर्णन आया है। दे०—इन पंक्तियों के लेखक का लेख—'लोरिक सम्बन्धी प्रवाद और किंवदन्तियाँ:' पुराकल्प 12, पृ०—54

2. प्रतीक रूप में चार प्रस्तरखण्ड वहाँ आज भी वर्तमान बताये जाते हैं।

3. In the bed of the Son is a curious water-warm rock, which, to the eye of faith, suggests a rude resemblance to a headless elephant, on this foundation has been localized the legend of Lorik....."

Popular Releigion and Folklore of Northern India by W. Crooke, Vol. II Manoharlal Oriental Publishers, page—8.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिक के कंगूरे—लोरिक सम्बन्धी दन्तकथाएँ नेपाल में प्रचलित हैं। गौतम बुद्ध के जन्मस्थान पर लोरिक के कंगूरे नाम की दो पहाड़ियाँ हैं। कहा जाता है कि जब गौतम का जन्म हुआ तो ज्योतिषियों ने बताया कि ये महात्मा होंगे या राजा। इससे उनके माता-पिता को बड़ी चिन्ता हुई। गौतम जैसे-जैसे बड़े होने लगे, संसार के प्रति विरक्ति के भाव उनमें आने लगे। फलतः उनके पिता ने लोरिक को इस कार्य पर नियुक्त कर दिया कि इन कंगूरों पर उछलते-कूदते रहें ताकि गौतम का मन लगा रहे और उनमें विरक्ति के भाव न आने पायें। लोरिक उछल-कूदकर उनका मनोरंजन करते रहे।[1] इन सब बातों से ऐसा प्रतीत होता है कि शताब्दियों से लोरिक सम्बन्धी लोककथाएँ दूर-दूर तक प्रचलित हुईं और उनसे एक लोक-विश्रुत महागाथा-कथा का निर्माण अपने आप हो गया।[2] इन जनश्रुतियों के ही कारण कुछ विद्वान् इसे पूर्णतः काल्पनिक और गप्पित रचना की संज्ञा देकर इसके महत्व को नकार जाते हैं, किन्तु गाथा के अध्ययन तथा लोरिक सम्बन्धी जनश्रुतियों से सम्बद्ध स्थलों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह रचना बिना किसी अतिरंजना के सही है।[3] यह एक युग की समस्त काव्यगत विशेषताओं को अपने अंदर समेटे हुए है। यह यदुवंश की जातीय गाथा होते हुए सम्पूर्ण समाज की, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग तथा जातियों का पुराणेतिहास है।

लोरिक-कथा का क्षेत्र-विस्तार—लोरिक-सम्बन्धी प्रवाद और किंवदन्तियों को देखते हुए इन पंक्तियों के लेखक के मन में इसकी व्यापकता के प्रति सहज जिज्ञासा पैदा हुई 'जिसके परिणामस्वरूप उसने लोरिक से सम्बन्धित सभी स्थलों को निकट से देखने का संकल्प भी संजोया। सबसे पहले लोरिक के जन्मस्थान कंतित की यात्रा की वहाँ एक पुराने किले के अतिरिक्त और कुछ न मिला। फिर लोरिक की लीला-भूमि अगोरी-गोठानी गया। वहाँ के सभी स्थलों को अपनी आँख से देखा तो सचमुच आँखें खुल गईं। अगोरी दुर्ग, करमामेल (इनरावत) हाथी, मंजरी-(महरा) की पहरी, मनियाँ, बंसरा,

---

1. Budhist Monuments of India by Debola Mitra.

2. लोरिक सम्बन्धी प्रवाद और किंवदन्तियों के लिए देखिए 'पुराकल्प'—12 में प्रकाशित अर्जुनदास केसरी का लेख पृ०—54

3. "ई वीर रस प्रधान गीत हऽ। अहिर जेके लोरिकई कहा जायऽ, अपने उत्सवन पर प्रायः गावा करऽयेन। अन्य अवसरन पर भी लोरिक गीत गावा जायऽ। ई गीत से सम्बन्ध रखइ वाले स्थानों को देखने से मालूम पड़ऽय कि ई कहानी बिना किसी अतिरंजना के सही ह ऽ।

—सीताराम द्विवेदी 'समन्वयी', भोजपुरी, अगस्त 1954, पृ० 43–44

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शंकर के मंदिर तथा मूर्तियाँ, कण्डाकोट के नीचे उसके पांवों के निशान, मारकुण्डी घाट पर स्थित लोरिक-पत्थर, घोरावल के पास में स्थित गुरवल का लोरिक का अखाड़ा, ललमनियाँ पहाड़ और गाजीपुर बलिया के सभी स्थलों की यात्रा करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सका कि लोरिक की कथा सुदूर तक व्याप्त है और गाँव के करोड़ों नर-नारियों का, अपनी मौखिक परम्परा में रहती हुई शताब्दियों से मनोरंजन करती आ रही है।

यह बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पूरे भारत में तो गायी ही जाती है, चेकोस्लोवाकिया, युगोस्लोवाकिया, नेपाल और उन समस्त देशों में भी गायी जाती है, जहाँ-जहाँ भारतीय प्रवासियों का क्षेत्र-विस्तार है। इस गाथा में अहीर, कुर्मी, तेली, कलवार, धोबी, नाई, चमार, कोल, ब्राह्मण, बनियाँ, कहार तथा आदिवासी जातियों का जातीय एवं सांस्कृतिक इतिहास छिपा पड़ा है। यही कारण है कि ये समस्त जातियाँ इसे चाव से गाती तथा विविध उत्सवों, समारम्भों पर समारोह पूर्वक सुनती-सुनाती हैं। अहीर तो इसे अपनी जाति की 'रामायन' ही कहते हैं।[1]

इस सम्बन्ध में एक कहावत भी बहुत प्रसिद्ध है—

"केतनउँ अहिरा होइ सयान,
लोरिकी छोड़ि न गावै आन।"

आभीर जाति की रामायन

'लोरिकायन[2]' लोरिक की चरित्र गाथा है और लोरिक आभीर (अहीर) जाति का इतिहास-पुरुष है। अब सवाल उठता है कि उसका समय क्या था? इसके लिए हमें आभीर जाति की वंश-परम्परा पर भी विचार करना पड़ेगा।

'मत्स्यपुराण' के अनुसार 'आभीरों की दस पीढ़ियाँ हुई थीं और उनका राज्यकाल 67 वर्ष पर्यन्त स्थापित रहा।

---

1. देखिये—डा० अर्जुनदास केसरी का 23 सितम्बर '79 के 'धर्मयुग' में प्रकाशित लेख, 'क्या सचमुच लोरिकायन आभीर जाति की रामायन है'—पृ० 22

2. 'लोरिकायन' 'लोरिक' शब्द अपने में एक नवीन भाव-बोधक है। यह रामायण-कृष्णायन के अनुकरण पर बने लोरिकायन के पर्याय के रूप में अपने आप प्रयोग होने लगा। लोरिकी शब्द लोरिकायन के ही अर्थ में मौखिक परम्परा के रूप में वहाँ अधिक व्यापक हो गया है, जहाँ इसके गाने वाले आज भी पँवारा गायक के रूप में ख्यात हैं। जहाँ इसका साहित्यिक महत्व स्वीकारा जाता है, वहाँ यह लोरिकायन के रूप में ही रूढ़ होता जा रहा है। श्यामपरमार : हिन्दी साहित्यकोश: भाग 2, पृ०—523, 24।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

"सप्त षष्ठिस्तु वर्षाणि दशाभीरास्तथैवच,
तेषुत्सवेषु कालेन ततः किलकिलानृपाः ॥"

'वायु पुराण' और 'ब्रह्माण्ड पुराण' में भी आभीरों की दस पीढ़ियों का उल्लेख हुआ है। परन्तु 'भागवत' में केवल सात पीढ़ियाँ ही बतायी गई हैं। इससे प्रतीत होता है कि सातवाहनों के समय में इन आभीरों ने ईश्वरसेन की अधीनता में एक राज्य स्थापित किया था, जिसका शिलालेख नासिक में मिलता है[1]। ईश्वरसेन सामान्य कुलोद्भव प्रतापी और प्रजापालक राजा था। डॉ० काशीप्रसाद जायसवाल के अनुसार उसने सन् 236 ई० और 239 ई० के मध्य शक क्षत्रप को अधिकार-च्युत करके निकाल दिया था।[2] किन्तु 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि विन्ध्यशक्ति के उदय के पहले अर्थात् सन् 248 ई० के लगभग आभीरों का अन्त हो गया था। किन्तु इस बीच आभीरों के कारण सातवाहनों के अस्तित्व की रक्षा हो सकी और उन्होंने यौधेयों और मालवों के सीधे संघर्ष से अपने को बचा लिया।[3] इसी सन्दर्भ में आभीरों के यादवों और अंधक वृष्टिकों के संगी-साथी होने का प्रमाण भी मिलता है। 'ब्रह्म-पुराण' में कहा गया है कि अहीर जाति की उत्पत्ति क्षत्रिय पिता और वैश्य माता के संयोग से हुई है। फिर भी आभीड जाति में रक्त-सम्मिश्रण कम हुआ है।

जो भी हो, इतना तो निर्विवाद सत्य है कि यह जाति आरम्भ से ही लड़ाकू और वीर रही है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह जाति किसी समय काफी सम्पन्न और भूस्वामी थी, गो, ब्राह्मण, स्त्री-रक्षा के पारम्परिक कर्तव्य का पालन करने वाली थी। इस जाति का चरित्र-बल ऊँचा था। इसमें ऋषियों-मुनियों से लेकर देवाधिदेव भी हो चुके हैं। कृष्ण इसी जाति के थे जिनका मुख्य कार्य लोक-रक्षा था। लोरिक को ही अनेक स्थानों पर 'लोरिक देव' कहा जाता है। यह जाति, नृत्य, संगीत, युद्ध, कुश्ती, वाद्यकला में तब भी प्रवीण थी और आज भी प्रवीण है।[4] क्रुक महोदय का कथन है कि अहीरों के सम्बन्ध में कोई विवरण तब तक पूर्ण नहीं होता, जब तक

---

1. एपिग्राफिया इण्डिका-खण्ड 8, पृ० 88
2. अंधकारयुगीन भारत, द्वि० सं० ना० प्र० सभा, काशी—पृ०—317
3. वही, पृ०—318
4. आभीरों के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए देखिये—

J. R. A. S. XIII : 141, J. A. S. B. IX. 478, 484, 756, 885, Bombay L. T. i 2 87. Lassen. Alterthumsk. i 539. J. R. A. S. i 248. Tod's western India-pp. 358, 421. Eadd Memoirs the History Folklore and Distribution of the Races of the North Western Pro-Vinces of India by Henry M. Elliot P. 2.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

उनके बीच अत्यन्त लोकप्रिय लोरिक की जातीय निजंधरी कथा का उल्लेख न किया जाय,[1] किन्तु मेरा तो ख्याल है कि तेली, कलवार, कोल, धोबी, चमार, नाई, कहार, केवट तथा आदिवासी जातियों की भी यह प्रतिनिधि गाथा तथा पुराणेतिहास है।

इलियट महोदय के अनुसार अहीरों की सबसे घनी बस्ती विहेमऊ के पास, यमुना के तट पर मरेहरा के समीप कला नदी के तट पर बसी थी और मझौली के सलेमपुर (गोरखपुर) से सिंगरौली (मिर्जापुर की सीमा पर स्थित) तक फैली हुई थी। निश्चय ही इन जिलों के अहीरौरा (अहरौरा) नामक परगनों के पुराने कागजातों के देखने से इसी की पुष्टि भी हो जाती है।[2] मिर्जापुर में प्रचलित इस गाथा से भी इस बात की प्रामाणिकता असंदिग्ध हो जाती है।

जहाँ-जहाँ अहीरों का क्षेत्र रहा है, वहाँ-वहाँ तो यह गाथा प्रचलित रही ही है, इसके अतिरिक्त अन्य अनेक क्षेत्र में भी लोकप्रिय रही है। यही कारण है कि डा० वासुदेवशरण अग्रवाल को भी लिखना पड़ा कि "भोजपुरी में लोरिकायन या लोरिक-चन्दा की कहानी गीतों में गायी जाती है जिसे भोजपुरी लोक-साहित्य की रामायण ही कहना चाहिए। लोरिक-चन्दा की कहानी प्राचीन और सरस है। हिन्दी का पहला प्रेमाख्यानक काव्य जो जायसी से दो सौ बरस पहले लिखा गया वह लोरिक-चन्दा ही था।"[3]

---

1. No account of the Ahirs would be complete without some reference to the famous tribal legend of Lorik which is most popular among them and is sung at all their ceremonies. There are various recensions of it and it is most valuminous and embodies a number of different episodes.

The Tribes and Castes of the North-Western Provinces and Oudh : W. Crooke Vol. I. 1896, Page—55

2. विस्तृत जानकारी के लिए देखिए–मेंमरीज आफ द हिस्ट्री फोकलोर, एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन आफ द रेसेज आफ द नार्थ वेस्टर्न प्राविंसेज आफ इंडिया : सर हेनरी एम० इलियट; के० सी० बी० वालूम I ट्रुबनर एण्ड कम्पनी, 8 एण्ड 60 पेटर नोस्टर रो—19वाँ, पेज—2, एण्ड जे० आर० ए० एस० 23वाँ : (4), जे० ए० एस० बां०–19वाँ—478, 484, 757, 885, बाम्बे एल० टी० आई—287, लोसेन, अल्टर हुमस्क, आई–539, जे० आर० एस० आई० एस० (आई) 248 टाड, एस० वेस्टर्न इंडिया, पी० पी०—358, 421 ई० एंड।

3. भोजपुरी : अगस्त 54, पृ०–77

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिक-कथा के स्रोत—कथा-स्रोत से हमारा अभिप्राय 'लोरिकायन' की कथा के मूल स्रोत से है। इसके उपजीव्य की खोज अपने-आप में एक स्वतन्त्र विषय है, जो कथानक की संरचना के लिए आधारभूत उपादानों तथा तत्वों के अभिप्राय और उसके अन्तर्गत व्यवहृत घटना-प्रकारों के समायोजन से सम्बन्धित है। साथ ही ऐतिहासिक स्तर पर उसकी विकास-यात्रा का स्पष्टीकरण भी है।

किसी भी लोकगाथा के कथा-स्रोत का पता लगाना दुष्कर है। जहाँ तक 'लोरिकायन' का प्रश्न है, अभी तक प्रायः मौखिक परम्परा में ही रही है, इसलिए इसके बारे में कुछ भी अंतिम रूप से नहीं कहा जा सकता।

लोरिक का सबसे प्राचीन उल्लेख ज्योतिरीश्वर ठाकुर-कृत 'वर्णरत्नाकर' में हुआ है। इसमें प्राचीन नाट्यशैली में 'लोरिक' नामक लोककाव्य के प्रचलन का पता चलता है। इसकी रचना 14 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुई थी।[1]

इसके बाद 'मुल्लादाउद'-कृत 'चंदायन' की रचना 1370 ई० में हुई। तीसरा उल्लेख दौलत काजीकृत 'सतीमैना उलोर-चंद्रानी' में मिलता है जिसकी रचना 1638 ई० में हुई। जातक कथाओं में भी लोरिक की कथा के संकेत मिलते हैं।[2] इसी प्रकार 'कथासरितसागर' में भी ग्वालों की कथा कही गई है जिसकी व्युत्पत्ति करके आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने उसे एक पुरानी कृति स्वीकार की है।[3] लोरिक-कथा में आये पात्रों की तुलना 'मृच्छकटिक' के पात्रों से करते हुए गिलास की रहस्यात्मक चोरी के प्रसंग को आधार बनाकर उन्होंने इस कथा को पाँचवीं शताब्दी के आस-पास का बताया है।[4] डा० रामकुमार वर्मा का विचार है कि लोरिक का समय राजा भोज का समय था। उन्हीं के नाम पर भोजपुर प्रदेश बना। लोरिक अहीर था। उसकी वंशावली भी राजा भोज से मिलती-जुलती है। 'लोरिकायन' पँवारा काव्य है, पँवारों के वंश में (1067-1177) राजा भोज हुए।[5]

---

1. "सिरियादेसइ, उमरण, चाउघइ चेंगा, चंबिली, लोरिक, नापो नगनी, नगनी मैना, बड़ली·····" भूमिका वर्णरत्नाकर—रायल एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बेंगाल, 1940 पृ०—1 तथा 'हिन्दुस्तानी'—जनवरी-मार्च 1959, माताप्रसाद गुप्त का लेख।

2. Budhist Monuments of India—Debala Mitra,

3. मिरजापुर की मौखिक परम्परा से प्राप्त लोरिकी का सांस्कृतिक एवं तुलनात्मक अध्ययन : अर्जुनदास केसरी का शोध प्रबन्ध—पृ०, 403

4. दे० आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के उपन्यास 'पुनर्वंवा' में लोरिक का प्रसंग।

5. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—पृ०, 63

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जो भी हो, यह तो मानना पड़ेगा कि लोरिक-कथा का स्रोत प्राचीन है। यह बात और है कि यह कथा न जाने कब से लोककण्ठ का शृंगार बनी रही। जब इसके महत्व को समझा गया तो उसके कथांशों को लेकर छिटफुट अनेक रचनाएँ की गईं।

आलोच्य गाथा में वीर, प्रेम और सती तीनों गाथाएँ क्रमबद्ध रूप से आरम्भ से अंत तक चलती रहती हैं। लोरिक-मँजरी के विवाह की कथा वीरगाथात्मक है और लोरिक-मँजरी के मिलन की कथा सतीकथात्मक है। 'इसमें लोरिक चंदा की कथा ही अधिक प्रचलित हुई जिसमें लोरिक के प्रेमी-चित्त का ही अधिक वर्णन किया गया। प्रस्तुत गाथा पहली बार प्रस्तुत की गई है जिसमें लोरिक का व्यक्तित्व सजीव होता है। लोरिक का उल्लेख 'पृथ्वीराजरासो' में भी किया गया है जिसमें इसकी ऐतिहासिकता की सम्भावना का संकेत मिल जाता है।[1]

कथा के मूल स्रोत का ही पता न होने के कारण समय का सही-सही निर्धारण करना कठिन है। अन्तःवाह्य साक्ष्यों के आधार पर हम उसे आरम्भिक मध्यकाल यानी 6वीं-7वीं शताब्दी के आस-पास की रचना मान सकते हैं।[2] ऐसा प्रतीत होता है कि मध्यकाल में इस कथा को काफी लोकप्रियता मिली।

इस गाथा पर हुए कार्य की समीक्षा—इतनी प्रचलित, लोक-विश्रुत और लोकानुरंजन का माध्यम होने के बाद भी इस सम्बन्ध में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ के पूर्व डॉ० माताप्रसाद गुप्त तथा डॉ० परमेश्वरी लाल गुप्त द्वारा दाउद मौला-कृत 'चंदायन' (लोरिकायन नहीं) की व्याख्या दी गयी है। 'चंदायन' 'लोरिकायन' के चतुर्थांश पर रचित लोरिक-चंदा के प्रेम-वृत्तान्त पर आधारित सूफी प्रेमाख्यानक काव्य है जो दोहा-चौपाइयों में लिखा गया है। डॉ० सत्यव्रत सिन्हा ने 'भोजपुरी लोकगाथा' में लोरिक-कथा का सार-संक्षेप प्रस्तुत करते हुए अंत में उसका थोड़ा अंश भी उद्धृत कर दिया है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के 'पुनर्नवा' में लोरिक-कथा को एक विशेष औपन्यासिक शैली दी गयी है। लोरिकायन के मौखिक पाठों का संग्रह डॉ० श्यामसनोहर पाण्डेय ने अभी हाल में किया है जो 'साहित्य-भवन' इलाहाबाद से 'लोरिकी' नाम से प्रकाशित है। इसमें कथा को जोड़ने का प्रयास तो हुआ है, किन्तु एक ही गायक द्वारा पूरी गाथा संग्रहीत न होने के कारण कथा के अविच्छिन्न प्रवाह में बाधा पड़ी है। साथ ही, विषय का

---

1. पृथ्वीराज रासो—द्वितीय खण्ड, ना० प्र० सभा, काशी : श्यामसुन्दर दास पृष्ठ 722—726

2. दे० लोरिक का काल-निर्णय: डॉ० अर्जुनदास केसरी 'सम्मेलन पत्रिका,' भाग-92, सं० 33, पृ 170-176

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अनावश्यक विस्तार किया गया है। यह पाठ वाराणसी के पाँचू नामक गायक से लिया गया है जो न लोरिक की जन्म-भूमि है और न कर्म-भूमि अतः महत्वपूर्ण होते हुए उसे बहुत प्रामाणिक नहीं माना जा सकता।

एस० सी० दूबे ने 'फील्ड सांग्स ऑव छत्तीसगढ़' नामक पुस्तक में छत्तीसगढ़ के पाठ पर आधारित 'लोरिक-चंदा की प्रेम कहानी पद्यबद्ध अँग्रेजी अनुवाद के रूप में लिखी है जो मौखिक परम्परा से प्राप्त 'लोरिकायन' से सर्वथा भिन्न होने के कारण प्रामाणिक नहीं है। बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् में भी लोरिकायन' का एक संग्रह रखा हुआ है जो प्रयास के बावजूद देखने को नहीं मिला। वहाँ के अधिकारियों से हुई बातचीत से ज्ञात हुआ कि उसकी कथा 'मिरजापुर की मौखिक परम्परा से प्राप्त प्रस्तुत संग्रह से भिन्न है।

कुछ पाश्चात्य विद्वानों ने भी यत्र-तत्र सुनकर इस कथा को लिखने का प्रयास किया है, किन्तु उसके मूल पाठ का संग्रह नहीं किया है। अपितु किंवदन्तियों का ही सहारा अधिक लिया है। इनमें से प्रमुख हैं—डब्ल्यू० क्रुक: 'द ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स आफ नार्थ-वेस्टर्न प्राविंसेज आफ अवध', 'एन इन्ट्रोडक्शन टु द पापुलर रिलिजन', 'इण्डियन एटीक्वेरी', जार्ज ग्रियर्सन: 'सम बिहारी फोकसांग्स', सम भोजपुरी फोकसांग्स तथा 'फोक लिटरेचर आफ नार्दर्न इण्डिया,'[1] जे० सी० नेसफील्ड: 'पायोनियर', 'हन्टर: 'भागलपुर गजेटियर', अलेग्जेंडर कनिंघम: 'आर्कियोजाजिकल सर्वे रिपोर्ट:' सैसिल हेनरी वाम्प्सन: 'फोकलोर ऑव संथाल परगनाज' आदि। इनमें अंकित विवरण अक्रमबद्ध तथा अप्रामाणिक हैं।

द्विवेदीजी के प्रसिद्ध उपन्यासों के अतिरिक्त 'लोरिकायन' की कथा को लेकर हिन्दी तथा अन्य भाषाओं—बोलियों में खण्डकाव्य, महाकाव्य, नाटक और उपन्यास भी लिखे गये हैं। डा० जयशंकर त्रिपाठी ने इसी कथानक को आधार बनाकर एक नाटक की रचना की है जो 'गाता हुआ पहाड़' के नाम से प्रकाशित है। लोरिक वीर नाटक' नामक ठाकुर महताब सिंह का एक नाटक हरदोई से प्रकाशित हुआ है। इसी कथा को आधार बनाकर पढ़े लिखे लोकगायकों ने भी काव्य-रचना की है, जैसे 'गुजरी चरित्र'।

लोक की एक महत्वपूर्ण धरोहर होने के बावजूद अभी तक मौखिक परम्परा से प्राप्त किसी प्रामाणिक और सम्पूर्ण पाठ का संकलन नहीं किया जा सका था।

---

1. जरनल आफ एशियाटिक सोसाइटी ऑव बंगाल के विभिन्न अंकों में प्रकाशित।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इस अर्थ में प्रस्तुत लेखक सौभाग्यशाली है और मँजरी-लोरिक की जन्म तथा कर्म-भूमि मिरजापुर जनपद की मौखिक परंपरा से प्राप्त इस संग्रह को पहली बार प्रस्तुत कर सका है।

प्रस्तुत सामग्री—उपर्युक्त विवरणों में जिन अभावों की ओर संकेत किया गया, उनकी पूर्ति के उद्देश्य से किया गया यह कार्य, संकलन-संपादन और अध्ययन की विविध समस्याओं से जुड़ा है।

इस संकलन की मूल सामग्री अपने आप में पूर्ण है। अब तक के प्रकाशित-अप्रकाशित सभी पाठों से वृहत् है। पूरी कथा सरित-प्रवाह की भाँति अटूट और अविच्छिन्न है। कथानक का बीज अगोरी के राजा मोलागत तथा महरा अहीर के मध्य उत्पन्न ईर्ष्या-द्वेष में प्रतिफलित होकर द्यूत-प्रसंग से अंकुरित होती है। महरा की सातवीं सन्तान मँजरी को राजा अपनी रखैल बनाकर रनिवास में रखना चाहता है, इधर उसके माता-पिता उसका विवाह लोरिक अहीर से कर देते हैं। यहीं से संघर्ष प्रारंभ हो जाता है। अंत में राजा पराजित होता है तथा लोरिक मँजरी को लेकर गढरा प्रस्थान कर जाता है। तदनन्तर लोरिक का प्रेम चनवां से होता है, और उसके द्वारा वह भगाई भी जाती है। तत्पश्चात् प्रवास-काल में हरदी की जमुनी कलवारिन से उसका प्रेम-प्रसंग आता है। हरदी का राजा लोरिक की वीरता से प्रसन्न होकर उसे अपना आधा राजपाट दे देता है। वह सुखपूर्वक रहने लगता है, किन्तु राजा के हित में कोलों और हरेवा-परेवा राजा के साथ उसे पुनः संघर्ष लेना पड़ता है। इधर, लोरिक-व्याहिता मंजरी की दशा उसके विरह में शोचनीय हो जाती है। इसकी जानकारी होने पर वह मँजरी के पास पहुँचता है।

इसी क्रम में लोरिक के बड़े भाई सँवरू के विवाह की कथा भी जुड़ती है, जिसका रोचक ढंग से वर्णन किया गया है। अंत में, लोरिक के पुत्रों की गाथा आरंभ होती है जिसकी परिणति कुल और पितृ-ऋण से मुक्ति के साथ होती है। इस मुख्य कथा में कई अवान्तर प्रसंग और गौरव गाथाएँ भी आती हैं। ये प्रसंग और कथाएँ एक तो लोरिक के चरित्र के बहुरंगी आयामों को उद्घाटित करती हैं, दूसरे मुख्य कथा को पूर्णता की ओर अग्रसर करती हैं। कुल मिलाकर इसका महा-काव्यात्मक शिल्प लोरिक को जातीय-चरित्र अन्तर्प्रान्तीय लोक-कथा-नायक के रूप में उभारता है। इस क्रम में निम्नलिखित तथ्य प्रकाश में आते हैं।

(1) इस पाठ का कलेवर अन्य सभी कथा-रूपों से बहुत वृहद् है।

(2) इसमें 'लोरिकायन' के अन्य अज्ञात प्रसंग भी हैं और इससे नायक-नायिका के समग्र चरित्र तथा जीवन पर प्रकाश पड़ता है जबकि अन्य कथा-रूपों से केवल आंशिक चरित्र पर ही प्रकाश पड़ता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(3) इसकी घटनाएँ लोरिक-सम्बन्धी प्रायः सभी आंचलिक प्रवादों एवं किंवदन्तियों के मेल में हैं।

(4) इसका मुख्य स्वरूप प्रेमगाथात्मक न होकर वीर तथा सतीगाथात्मक है।

(5) इसमें वर्णित घटनाएँ, इसमें आये पात्र काल्पनिक होते हुए ऐतिहासिक भी प्रतीत होते हैं।[1]

कथा-संरचना—इस महागाथा की कथा विस्तृत है। हर खण्ड के आरंभ में लोक के देवी-देवताओं की सुमिरनी की गई है। फिर कथा को 9 काण्डों में विभाजित किया गया है। पहले काण्ड में लोरिक-मंजरी-जन्म, दूसरे काण्ड में विवाह, तीसरे काण्ड में युद्ध, चौथे काण्ड में सँवरू का विवाह, पाँचवें काण्ड में चनवां का उढ़ार, छठवें काण्ड में पिपरीगढ़ की लड़ाई, सातवें काण्ड में लोरिक-मंजरी-मिलन, आठवें काण्ड में लोरिक पुत्रों की कथा और अंतिम काण्ड में उद्धार की कथाएँ सम्मिलित हैं। पूरी गाथा प्रायः एक ही छन्द में गायी गई है और खण्डित नहीं हुई है। हाँ, गायकों के गाने की शैली में अन्तर अवश्य है। इस गाथा की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) पूरी कथा प्रेम, विवाह और युद्ध का आश्रय लेकर विकसित होती है। इसके आरंभ की कथा वीर गाथात्मक, मध्य की कथा प्रेमगाथात्मक और अंत की कथा सती गाथात्मक है।

(2) इसमें उत्पन्न बाधाओं के निराकरण के प्रयास में अलौकिक शक्तियाँ काम करती हैं और बाधाओं का शमन होता जाता है।

(3) कथा में वर्ण-व्यवस्था और कर्मकाण्ड के अनुरूप क्रियाएँ होती हैं।

(4) धन, ऐश्वर्य, रूप, शक्ति-सामर्थ्य, युद्धकला के वर्णन एवं विवरण अतिशयोक्तिपूर्ण तथा ऊहात्मक हैं।

(5) वातावरण पर कृषि, गोचारण-संस्कृति आदि के सन्दर्भ में सामन्ती जीवन-विधि का प्रभाव है।

(6) जादुई क्रियाओं और देवी-देवताओं आदि अलौकिक तथा अमानवीय पात्रों की अधिकता है।

(7) कथा में अतिमानवीय शक्तियों, अलौकिक शक्तियों और सहज मानवीय शक्तियों के संधान का सामञ्जस्य स्थापित है। पौराणिक तथा निजंधरी कथा-लोक के साथ यथार्थ जीवन का अद्भुत मेल हुआ है।

---

1. 'लोरिकायन' के कथा-सार के लिए देखिये 'उत्तर प्रदेश' में अर्जुनदास केसरी के प्रकाशित 'लोरिक का देश' शीर्षक लेख, दिसम्बर 74, जनवरी, फरवरी, मई, जून, जुलाई 1975

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिकायन का कथाशिल्प

'लोरिकायन' का कथा-शिल्प सुगठित है। कथा को मुख्य रूप से चार भागों में विभक्त किया जा सकता है—(1) लोरिक-मँजरी के जन्म से विवाह तक की कथा, (2) लोरिक—चनवाँ उढ़ार की कथा, (3) सँवरू के विवाह की कथा और (4) लोरिक-मँजरी के मिलन और लोरिक पुत्रों की वीरता की कथा।

कथा का आरम्भ बड़े विचित्र किन्तु कौतूहल-वर्द्धक ढंग से किया गया है। मँजरी का जन्म, राजा का उसे पाने का प्रयत्न, जुआ और उसमें महरा द्वारा महरिन की कोख हारना फिर उसके लिए संघर्ष का बीजारोपण आदि प्रसंग कथा को रुचिकर बनाने और उसे गति देने में सहायक हुए हैं। कथा में कहीं भी अवरोध नहीं आया है। सँवरू के विवाह की कथा थोड़ी उलझी हुई अवश्य है, किन्तु लोरिक-मँजरी के मिलन का प्रसंग आते ही उसमें गति आ जाती है।

घटनाएँ क्रमबद्ध रूप में घटती हैं और कुल मिलाकर एक वीर-चरित्र की सृष्टि करती हैं। कथा-विकास का आधार अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन तथा चरित्रों के अलौकिक क्रिया-कलाप हैं। सभी घटनाएँ चमत्कार और आश्चर्य-मिश्रित भाव के साथ रोमांचकारी हैं। पूर्व मध्यकालीन शौर्य्य-प्रदर्शन की प्रवृत्तियाँ सर्वत्र दिखलाई पड़ती हैं। कथा में दैवी शक्तियों की प्रधानता है जो मानवीय शक्ति को कमजोर बना देती हैं। चित्र-प्रदर्शन, पान-बीड़ा द्वारा प्रेम-प्रदर्शन, योगी-रूप-धारण, प्रेम-मिलन और विवाह, में विविध बाधाएँ और उनका अंत, युद्ध-प्रेम, सती-परीक्षा, सर्प-दंश, नारी-अपहरण, मिलन, वियोग, शौर्य्य-प्रदर्शन आदि इस कथा के अन्य प्रमुख तत्व हैं। इस प्रकार इस गाथा में लोक-गाथा की समस्त विशेषताएँ हैं।

कथानक सम्बन्धी रूढ़ियाँ—किसी भी लोकगाथा के अध्ययन के सन्दर्भ में उसके कथानक—रूढ़ियों के अध्ययन का विशेष महत्व होता है क्योंकि ये ही कथा विकास की आधार होती हैं। 'लोरिकायन' में ये इस प्रकार हैं—

साहित्यिक—सातवीं संतान, कन्या-हरण, सत्य-क्रिया, असम्भव कार्य-सम्पादन, चौर्य-शास्त्री, पत्नी के साथ बहिन का नाता, मृत व्यक्ति की समाधि पर फलदार वृक्ष का उगना, रक्त-बीज, कुम्भकर्णी निद्रा, पहरेदार को अंधा बनाना, बदला-बदली द्वारा मृत्यु का स्थगन, जादुई क्रिया-कलाप, बाचालमुण्ड, बाण का सर्प में बदलना, कनिष्ठिका में अमृत का होना, रूप-परिवर्तन, मृतक का पुनर्जीवित होना आदि।

पशु-पक्षी सम्बन्धी— उड़ुयनशील घोड़ा, विश्वसनीय कुत्ता या कुतिया, मानवेतर की सीख, डाइन का छल, पक्षी की पीठ पर यात्रा आदि।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अपर लोक सम्बन्धी—आकाश-पाताल की यात्रा, समुद्र यात्रा आदि।

अन्य—बुद्धि-परीक्षा हेतु कठिन शर्त, अलौकिक जन्म, कृपालु देवी-देवता, बच्छ नाग, स्थानीय किंवदन्तियाँ, पुराना प्रतीक, जीवन-निमत्तक वस्तु, हवन की गंध का आकाश तक जाना आदि।[1]

प्रबंधात्मकता

ऊपर के विवरणों से 'लोरिकायन' के प्रबंधकत्व में कोई सन्देह नहीं रह जाता तब भी, शास्त्रीय नियमानुसार प्रबंध काव्य उसी को माना जाता है जो सर्गबद्ध होता है जिसका नायक सुर या राजा होता है, जिसमें नायक के सम्पूर्ण जीवन का वृत्त अंकित होता है, जिसमें वीर, शृंगार अथवा करुण में से कोई एक रस मुख्य होता है, जिसके हर सर्ग के अंत में छन्द-परिवर्तन हो जाता है और अगले सर्ग की कथा का संकेत भी दे दिया जाता है और जिसमें यथास्थान प्रकृति-चित्रण भी किया गया होता है।

इस दृष्टि से जब हम 'लोरिकायन, पर विचार करते हैं तो पाते हैं कि उसमें वीर रस प्रधान है, शृंगार, भयानक, करुण, हास्य, वीभत्स आदि रसों की योजना भी यथास्थान हुई है। वह सर्गबद्ध या काण्डबद्ध है। लोरिक वीर उसका नायक है जो यदुवंशी, क्षत्रिय तथा महान् पराक्रमी है। 'लोरिकायन' में उसके सम्पूर्ण जीवन की कथा वर्णित है। छन्द-परिवर्तन का नियम तो सर्वत्र लागू नहीं होता, तथापि यत्र-तत्र उसमें परिवर्तन भी हुआ है। प्रकृति-चित्रण भी अच्छा बन पड़ा है। इसके अतिरिक्त सुपुष्ट गठित एवं प्रबन्ध के अनुसार विविध मानवीय व्यापारों का उद्धारक भी है। उसकी आख्यान-कथन की क्षमता तथा भाषा का प्रवाह सर्वत्र श्रेष्ठ है। अलंकारों की स्वाभाविक छटा दर्शनीय है। भाव-व्यंजना तथा अन्तर्द्वन्द्वों के कारण उसका हृदय-पक्ष सबल हो गया है। इन विशेषताओं के कारण हम इसे लोक महा-काव्य की संज्ञा दे सकते हैं।

छन्द-परिचय :—जिस रचना में वर्ण, मात्रा, यति, गति, तुक आदि का ध्यान रखा जाता है उसे छन्द कहते हैं। लोरिकायन में छन्दों का कोई शास्त्रीय नियम लागू नहीं है तथापि, हम इन्हें लोक-छन्द की संज्ञा से अभिहित कर सकते हैं। मात्रिक न मानकर यदि वर्णिक माना जाय तो निम्नलिखित पंक्तियों में उनकी संख्याओं का क्रम इस प्रकार है :—

---

1. इस गाथा में आई कथानक रूढ़ियों पर ही महत्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया जा सकता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हथवा जोरय करय बिनती
हम ददा गइया-भंइसिया देखा देखल ।
कबों नाहीं कयली देसवा में बरियात,
हमके आपय मलुमवाँ नाहीं बाय ।

इसकी प्रथम पंक्ति में 12, दूसरी पंक्ति में 16., तीसरी पंक्ति में 15, और चौथी पंक्ति में 14 वर्ण आये हैं। इस प्रकार 10 से 17-18 वर्णों तक का विधान किया गया है। मात्राओं की गणना करें तो कम से कम 12 और अधिक से अधिक 24 मात्राएँ तक आयी हैं। ये मात्राएँ नूरे के पाठ में हैं, अन्य पाठों में अधिक मात्राएँ देखी जाती हैं।

लोक-छन्दों में प्रधानता लयात्मकता की होती है। उसके अनुसार ही कभी किसी पंक्ति में वर्ण अधिक हो जाते हैं तो किसी में कम। गायक जब खींच कर गाता है तो मात्राएँ बढ़ जाती हैं और जब ढील दे देता है तो मात्राएँ कम भी हो जाती हैं। लघु और गुरु दोनों प्रकार के वर्णों का प्रयोग हुआ है, किन्तु गुरु वर्णों की ही अधिकता है। एक पंक्ति का एक पद है। यति हर पंक्ति के अन्त में है। तुक बैठना आवश्यक नहीं है। तब भी, कहीं-कहीं बैठ गया है। 'ना', या, 'बाय' का तुक अधिक देखा जाता है।

'लोरिकायन' में संगीत, नृत्य तथा नाट्य तत्व

लोरिकी मूलतः गीतिकाव्य है, किन्तु कथात्मक होने के कारण तथा लोक की वस्तु होने ने कारण भी वह संगीतशास्त्र की कसौटी पर उतना खरा नहीं उतरता तब भी उसमें संगीत, नृत्य तथा नाटक के तत्व मिलते हैं। 'लोरिकायन' का सस्वर गायन होता है। लोक-गायक उसे उचित आरोहावरोह के साथ गाता है ताकि उसे इस लम्बी गाथा को गाने में थकान का अनुभव न हो और न ही पाठक या श्रोता किसी प्रकार की नीरसता का ही अनुभव करे। इसीलिए लोरिकायन-गायक कभी-कभी रात-रात भर गाता रह जाता है।

गायन के स्वर मध्य षड़ज और मध्यम के बीच के हैं। गायक भाव-विभोर होकर जब जोश में आता है तो तीव्र मध्यम से धैवत तक के स्वरों में गाने लगता है। गायन का आरम्भ वह मध्य षड़ज से करता है, मध्य तक षड़ज और शुद्ध मध्यम का प्रयोग करता तथा अन्त में तीव्र मध्यम से ऊपर शुद्ध धैवत तक पहुँच जाता है। इसके स्वर मन्द्र सप्तक के केवल शुद्ध निषाद् को स्पर्श करते हैं। तार सप्तक में तो बिल्कुल नहीं जाते। प्रत्येक पंक्ति में प्रायः 16 से 20 मात्राएँ होती हैं। चिरागन के पाठ का 'नोटेशन' इस तरह बन सकता है—

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

रे म म ग ग रे रे सा रे नि
सा सा — सा रे ग ग — रे रे—सा सा रे———सा—
भइ या ऽ रा ऽ मइं क ऽ नम वां ऽ गुन हो गा ऽ ऽ ऽ सा—
गा ऽ ऽ ऽ इँ—
म म ग ग रे सा रे नि
सा रे ग ग—रे रे सा—सा—रे ——— सा—

रा ऽ मइँ क ऽ द रि य इं ले ऽ हीं ऽ ना ऽ ऽ ऽ म ऽ
भइया ऽ रा ऽ म इं क ऽ नमवां ऽ गुन हो ऽ गा ऽ ऽ ऽ इं ।
रा ऽ म इं क ऽ दरियइं ले ऽ हीं ना ऽऽऽ म ।।

नूरे केवट के पाठ की स्वर लिपि इस प्रकार बनती है :[1]

सा— — — — — रे — सा रे — — — — — —
द खि न न दे स वा ऽ बा ड़ य ख ङा ऽ ऽ र

रे ग रे
ग — — — — — —रे सा — — ग — — — —
द खि न न दे स या ऽ बा ड़ य ख ड़ ऽ ऽ र

ग रे
ग — — — — — — — — — — रे सा — ग —
ए क उ हाँ ऽ न ग र अ गो ऽ री ऽ बा ऽ य पा ऽऽ ल
सा — — — — — — रे रे — — — — — — —सा
खो रि या में उ र दू ऽ उ ब स ल बा ऽ य ब जा ऽ ऽ र

गायक केवल मध्य सप्तक में ही विभिन्न स्थलों को उतार-चढ़ाव के साथ दर्शाता है। कभी एक ही स्वर की बार-बार आवृत्ति करता है तो कभी पार्श्ववर्ती स्वरों के सहयोग से आगामी गतिविधि को अभिव्यक्ति देता है। वह एक स्वर पर स्थिर रहते हुये गायन में लालित्य लाने के लिए पास के स्वरों का भी स्पर्श करता है।

पूरी गाथा इसी स्वर, ताल, लय, धुन में गायी जाती है। गायक प्रसंग, भाव और इसके अनुसार कभी ऊँचे स्वर में गाता है तो कभी नीचे। बीच-बीच में वह

1. दोनों पाठों के स्वरलिपिकार : कमलेश कमल

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

विश्राम भी करता जाता है। हाव-भाव प्रकाशन भी करता है। कभी हाथों से इशारा करता है तो कभी मुँह बिचकाकर या सिर हिलाकर भावाभिव्यक्ति करता जाता है। सहयोगी बीच-बीच में गायक को सहारा देने के लिए टेरी भरते अथवा टेक मिलाते हैं।

इस गीत के साथ अभिनय और नृत्य भी यत्र-तत्र किया जाता है। हावों-भावों के प्रकाशन द्वारा नाटकीयता तो अपने-आप आ ही जाती है, साथ में जब वाद्य-यंत्रों (डफला और थाली) और नृत्य का भी संयोग हो जाता है तो कहना ही क्या, दर्शक-श्रोता, गायक-वादक सभी आनन्द-मग्न हो जाते हैं। यह आनन्द कभी-कभी इस सीमा तक पहुँच जाता है कि वे कभी-कभी 'करगही' और 'गड़थैया' नाचने[1] के लिए भी बाध्य हो जाते है।

प्रस्तुत गाथा के गायक नूरे कान में अंगुली डालकर हाथों से ही हाव-भाव-प्रदर्शन करते हुए गाते थे और गाते-गाते झूमने लगते थे। उनका कहना था कि "'लोरिकायन' एक प्रकार से देवी-स्तोत्र है, इसीलिए मैं भी जब गाने लगता हूँ तो ऐसा लगता है कि देवी मेरे सिर पर सवार हो गयी हैं।"

लोरिकायन की भाषा

'लोरिकायन' की भाषा हिन्दी ही है किन्तु वह अवधी, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी, बिहारी की मेल-जोल खिचड़ी है।

डॉ० ग्रीयर्सन ने हिन्दुस्तानी के दो भेद माने, एक बोल-चाल की और दूसरी साहित्य की। साहित्यिक हिन्दुस्तानी की चार शैलियां—उर्दू, रेखता, दक्खिनी और हिन्दी निर्धारित की।[2] दक्खिनी वही भाषा थी जिसका व्यवहार उत्तर में होता था। यह शब्द-भंण्डार में ब्रज तथा अवधी के निकट थी।[3] 'लोरिकायन' की भाषा का स्वरूप-विधान भी उसी के आसपास है। इसमें खड़ीबोली के 'आ' की प्रधानता देखी जाती है। जैसे-माथा, जतिया, रजवा, लोरिका, देविया आदि। इस आकारान्त रूप के कारण अंत के पूर्व शब्द के आकारान्त का अकारान्त हो गया है। जैसे—राजा में 'रा' 'र' होकर 'जा' का 'ज' हुआ और फिर उसमें 'वा' जुड़ गया। इसी प्रकार स्वर मध्यवर्ती एवं शब्दान्त महाप्राण ध्वनियों के महाप्राणत्व के ह्रास की प्रवृत्ति भी देखी जाती है। यथा-जांघ का जंघिया, दूध का दुधवा हो गया है। इसी प्रकार सर्वनाम में बुन्देली और अवधी तथा भोजपुरी का सम्मिश्रण द्रष्टव्य है-'ई' का

---

1. अहीरों का नाच-विशेष,
2. लिंग्विस्टिक सर्वे आफ् इंडिया : जिल्द—9, भाग-1, पृष्ठ—46
3. भाषा और समाज, पृष्ठ—303

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अवधी में 'ए' भोजपुरी में 'इहइ' 'उ' अवधी में 'ओ' भोजपुरी में 'ऊहइ', बुन्देली में 'की' अवधी में 'के' भोजपुरी में 'केन' हो जाता है।

क्रियाएँ :—वर्तमान काल की रचना बैसवाड़ी के ढंग पर 'व' विकरण से हुई है। जैसे—आने के अर्थ 'आवत', 'है' के लिए 'बाय' शब्द का प्रयोग। खड़ी-बोली हिन्दी के आया, गया, लिखा, पीया, जा रहा था आदि क्रिया-पदों को गाथा में क्रमशः आवल, गवल, लिखली, पियली और जात रहल के रूप में लिखा गया है।

संज्ञा-पद और मुहावरे—संज्ञा-पदों में प्रायः कोई परिवर्तन नहीं पाया जाता। तब भी लोक भाषा तथा बोली में यत्र-तत्र उसमें भी तोड़-मरोड़ देखा जाता है। यथा-नोना का नोनवाँ, गंगा का गंगिया आदि प्रयोग। कुछ व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के साथ जाति का नाम थी जुड़ा रहता है जैसे—महरा में महरा अहीर, नोना में नोना चमाइन, गंगा में गंगिया नाऊ, महीचन में महीचन तेली आदि। जाति और भाववाचक संज्ञाओं के प्रयोग में भी परिवर्तन देखा जाता है जैसे—गोबर का गोबरवा उससे गोबरवा का, गोबरवा कइ होन बा अर्थात् बिगड़े हुए भाग्य वाली स्त्री या बालिका के लिए मुहावरेदार प्रयोग हुआ है। वैसे 'लोरिकायन' में इतने मुहावरे प्रयुक्त हैं कि उनका एक संक्षिप्त कोश ही तैयार हो सकता है।

पुरुष तथा सर्वनाम—कुछ सर्वनामों का प्रयोग विचित्र बनावट में है जैसे—हम लोग के लिए 'हमहनों (उत्तम पुरुष), 'वे लोग' के लिए 'ओनहन' (अन्य पुरुष), 'तुम लोग भी' के लिए 'तोनहनो' (मध्यम पुरुष) प्रयोग हुआ है।

विशेषण—विशेषण में पूरा का पूरा पद कह दिया गया है। जैसे—बहुत सुन्दर पालकी के लिए 'सोनय न पानी बाय ढारल'—'हुम्मी-हुम्मा पालकी बाय चलत' का प्रयोग भी किया गया है। इसी प्रकार टिकुली की शोभा सुन्दर लग रही है या चमक रही है, अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए 'जैसे बरत सुरुजुवा का बाय जोति' आलंकारिक प्रयोग किया गया है। वैसे भी रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, यमक, अति-शयोक्ति, संदेह आदि प्रचलित अलंकारों की छटा दर्शनीय है।

तत्सम-तद्भव शब्द—'लोरिकायन' में तत्सम शब्दों का भी प्रयोग हुआ है जो संस्कृत मूल के अनुकरण पर हैं। जैसे—कुक्कुर, पोस्तक (अपभ्रंश), पंडित, नगर आदि। तद्भव शब्दों में गोड़, हाथ, सोवरन, अभरन, पूत आदि।

वचन—एक वचन और बहुवचन शब्दों का प्रयोग किया गया है। एक वचन शब्दों का बहुवचन में प्रयोग भी देखिए—गाय, भैंस, आदमी, सरदार आदि एक वचन शब्दों का प्रयोग गइयन, भैंसियन, अदिमियन, सरदरवन आदि बहुवचन के रूप में किया गया है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

विभक्तियों का प्रयोग—भोजपुरी की अपनी विभक्तियाँ हैं। कारक के साथ उनका सम्मिलन कुछ विचित्र ही ढंग से हुआ है। जैके—कर्ताकारक—'हम लोगों ने' के लिए 'हमहन', कर्मकारक 'हमको' के लिए 'हमहन के', करण कारक 'उनसे' के लिए 'ओनसे', 'ओन्हन से', संप्रदान कारक 'उनके लिए' के लिए 'ओनहनबदे' अपादान कारक पेड़ से पत्ता गिरने के अर्थ में 'पेड़वा से पतवा गिरल' संबन्ध कारक-'उसका, 'मेरा', तुम्हारा, के लिए क्रमशः 'ओकर', 'हमार', 'तोर' तथा अधिकरण कारक—अहीरों में, गाँव में, वृक्ष पर-के लिए क्रमशः 'अहीरन में', 'गाँवन में', पेड़ पर' आदि विभक्तियों का प्रयोग किया गया है।

विदेशी शब्द—उर्दू, फारसी, अरबी—कुल, इन्तजाम, हजामत, हर्ज, मुहब्बत, इज्जत, किला, बहादुर, दरोगा, लाश, मालूम, मौज, मुर्दा, सिपाही, हिसाब-किताब, जमीन, अमीर, खजाना, इलाका, मसाला, चाउर आदि।

अंग्रेजी—आडर, फुलपैन्ट, लालटेन, पलटन, टाइम, फोटो, फीस आदि।

संस्कृत—तिलक, बीर, असुर, स्नान, कथा, गाथा, मेघ, राजा, नगर, सर्प, नाग, आदि।

बिहारी—बिटिया, (बेटी), घोड़ा, भला, बड़ा, मोर, कइलसि, मारल, ओकर, आदि।

अवधी—नीयर,-नीयरे, बड़मनई, चलब, आवाज, जबाब, घोड़वा आदि।

देशज—मल्लाह, डोंगा, पगड़ी, खिचड़ी, चिड़िया, आदिमी, जनावर, सहुआ, बाभन, नाऊ, पिंजरा, बढ़नी, पानी आदि।

भोजपुरी, पूर्वी हिन्दी तथा पश्चिमी हिन्दी—तोरे, बाढ़ि, दिहलसि, एमें, ओमें, एहर, ओहर, केहर, अतना, ओतना, केतना, बड़ा, जवन, तवन, कवन, मरलस, जे, जौन, जेकर, जइसन, बइसन, कइसन, काजर, अचरज आदि।

छत्तीसगढ़ी—करे (किया), गये (गया), खान के ज्यादा (खाने से अधिक), छोकरा (लड़का), मनुख (मनुष्य), सबो (सब), बइला (बैल) आदि।

भाषा-वैविध्य—'लोरिकी', 'लोरिकायन' तथा 'चंदायन' तीनों की भाषा अवधी है। सूफी साहित्य के प्रसिद्ध अन्वेषक प्रो० अस्करी ने लिखा है कि "इसकी भाषा पर प्राकृत भाषाओं, मागधी, शौरसेनी तथा अर्द्ध मागधी का प्रयोग ढूंढ निकालना उपयोगी होगा। इसमें अवधी के अनेक रूपों में पूर्वी का रूप पहाड़ी, बैसवाड़ी की तुलना में बहुत अधिक स्पष्ट है और इसमें खड़ीबोली के तत्व पाये जाते हैं। मौलाना दाउद की रचना ठेठ अवधी और विशुद्ध अवधी में है। उसकी भाषा तुलसी-कृत 'रामायण' तथा जायसी कृत 'पदमावत' से भी मिलती-जुलती है। आलोच्च गाथा की भाषा में अनेक भाषाओं के शब्द भी स्वाभाविक रूप से आ गये हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उपसर्ग और प्रत्यय—हिन्दी के प्रचलित उपसर्गों तथा प्रत्ययों का प्रयोग भी 'लोरिकायन' में हुआ है। उपसर्गों का प्रयोग मूल शब्द के आदि में होता है। जैसे—निरमल (निर), निरबल (निर), अपमान (अप) परताप (प्र), पराजय (पर), निरोग (नि), आदि उपसर्गों का प्रयोग अधिक हुआ है। इसी तरह सपूत (स), भर पेट (भर), गैरहाजिर (गैर), आदि उपसर्ग भी प्रयुक्त हैं जो शब्दांश के अन्त में जुड़कर उसमें कुछ परिवर्तन कर देते हैं, वे प्रत्यय कहे जाते हैं। 'लोरिकायन' में प्रत्ययों का यथास्थान प्रयोग देखा जा सकता है। यथा—बुराई में (ई), ओकाई में (ई)—, लड़कपन में (पन), इसी प्रकार सइतिया में (इया), दुलरुवा में (वा) आदि के अतिरिक्त इल्, अत्, अन्, आ, आई, आऊ, के प्रयोग भी मिलते हैं।

ध्वनि तथा ध्वनि परिवर्तन—ध्वनियों में परिवर्तन भाषा विज्ञान के नियम के अनुसार यत्र-तत्र हुआ है। जैसे—जानवर का जनावर, बउरायल का बउखल, पाठक का पठका, टाटक का टटका, ब्राह्मण का बाभन आदि। इसी प्रकार व्यंजन तथा स्वरों का लोप भी यथास्थान हुआ है। जैसे—शावस-साबस (मध्य स्वर-लोप), आक्रमण (अन्त स्वर-लोप), स्थाली-थाली (आदि व्यंजन लोप), सत्य-सत् या सच (अंत व्यंजन लोप), त्रिशूल-शूल या सूल (अक्षर लोप), स्तुति अस्तुति (स्वरागम), समुद्र-समुन्दर (व्यंजनागम), डंफ-डफली (अन्त अक्षरागम), सवारी-असवारी (आदि निहित-समस्वरागम)।

समास—धातु तथा प्रत्यय के योग से शब्द बनते हैं और जब एक से अधिक शब्द मिलकर वृहत् शब्द की सृष्टि करते हैं तब उसे समास कहते हैं। अभिजात साहित्य के अतिरिक्त लोकसाहित्य में भी सामासिक पद पाये जाते हैं। भोजपुरी साहित्य, उसमें भी लोरिकायन में ऐसे पदों की कमी नहीं है। यहाँ कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

द्वन्द्व—माई-बाप, बहिन-मतारी, बेटा-पतोहू, देवर-भौजाई, मेहरारु-लड़िका।

कर्मधारय—कपूत, सपूत, महाजन, लाल-पीला।

द्विगु—चौ-मोहानी।

बहुब्रीहि—पीताम्बर, कोंचा-कोंची, लड़ाई, देखा-देखी, छीना-झपटी।

अव्ययीभाव—आजुकालि, हरदम।

धातुरूप—धातु रूपों से क्रियायें बनती हैं। संस्कृत वैयाकरणों ने धातुओं को दस गणों में विभक्त किया था, किन्तु अपभ्रंश तक पहुँचते केवल एक गण रह गया और शेष सभी लुप्त हो गये। डा० चटर्जी ने भोजपुरी क्रिया-पदों को दो भागों में विभक्त किया है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(1) सिद्ध धातु—(प्राइमरी रुट्स),
(2) साधित धातु—(सेकेंडरी रुट्स)।

इसको भी कई भागों में बाँटा गया है जो इस प्रकार है—जिनमें से संस्कृत-गणों के विकर्ण—वर्तमान हैं–प्रसिद्ध धातुएँ—जैसे—कस् (कसना), काढ़, (काढ़ना), काँप (कम्प) काँपना, कूद (कर्द) कूदना, कह (कथय्) कहना, खन्, (खन्), खोदना, घट् (प्रा० घट्ट) घटना, चुन (चि, चिनौति) चुनना आदि।

भोजपुरी सिद्ध धातुएँ प्राकृत तथा अपभ्रंश से होकर आयी हैं, किन्तु इनमें अत्यधिक ध्वन्यात्मक परिवर्तन हुआ है। संस्कृत के भोजपुरी तक आने वाले विकरणों का उदाहरण इस प्रकार है—नाच् (नच्चइ, नृत्-य-ति), (युद्ध-य-ति), (जा-ना-ति) जानना, पृच्छ् (पृच्छति) पूछना।

णिजन्त से उतान्त सिद्ध धातुएँ–इनका प्रेरणार्थक अर्थ लुप्त हो गया है, और ये साधारण सकर्मक धातुएं बन गयी हैं—मुअता (मरता है), मारता (मारता है), मर-यति) मरवावत (मरवाता है)।

अर्द्ध तत्सम धातुएं—अरप् (अर्प), अर्पित करना, वद् (बद्) कहना, सोभ (शोभ) सुन्दर बनाना।

जिनकी उत्पत्ति संस्कृत से भी नहीं जान पड़ती—अँट-अँटना, छाँड़-छोड़ना, झाँक-झाँकना, बटोर-एकत्र करना, बाँट-बाँटना, हींच-खींचना।

वे साधित धातुएँ जिनमें आव् जोड़ने पर प्रेरणार्थक बन जाती है—यथा-बइठ-बैठना, बइठाव-बैठाना, लिखु-लिखो, लिखाव-लिखाओ।

नाम धातु—संज्ञा पद तथा क्रियामूलक विशेषण जब क्रिया बनाने के लिए धातु रूप में प्रयुक्त होते हैं तब उन्हें 'नामधातु' कहते हैं। संस्कृत अनुकरण पर इनके रूप बनते हैं। यथा-गर्मा-गर्म होना, नाराज होना, सर्मा या सर्माओं-लज्जित होओ। अन्य नाम धातुएँ हैं।

तीव्रता बोधक—अंटक-फँसना, पिचुक-पिचुकना, सुस्क—पी जाना, छिरिक-छिड़िकना, पकड़-पकड़ना, लपट-लपटना, सिकुर-सिकुड़ना।

अव्यय–संस्कृत, पालि, प्राकृत आदि में नाम तथा सर्वनाम शब्दों के परे तद्धित के कतिपय प्रत्यय लगाने से अव्यय बन जाते हैं। अव्यय के स्वरूप में प्रायः परिवर्तन नहीं होता, तथापि भोजपुरी अव्यय अन्य भाषाओं के अव्ययों से कुछ भिन्न अवश्य हैं। यहाँ हम कुछ का विवेचन प्रस्तुत करेंगे—

(1) **कालवाचक अव्यय**–भोजपुरी में प्रयुक्त ऐसे अव्यय प्रायः संस्कृत से आए हैं। यथा—'घरी' शब्द संज्ञा पदों से निर्मित संस्कृत के 'घटिका' से निर्मित है। इसी

CC-0. Agamnigam DigitaPresentation Foundation, Chandigarh

प्रकार समै (समय), टेम '(टाइम)' हाली (शीघ्र) आदि अव्ययों का भी प्रयोग मिलता है। अव्यय पदों से निर्मित अव्यय हैं—आजु, (सं० अद्य), कालिह् (सं० (कल्यम्) आदि।

(2) स्थान वाचक अव्यय—नियरे (पास) (सं० निकट), पार, उस पार (सं० पारम्), तरे, नीचे (सं० तल) आदि।

(3) प्रकार वाचक—कुछ तत्सम तथा अर्द्ध-तत्सम शब्द प्रकार वाचक अव्यय के रूप में व्यवहृत होते हैं। जैसे—अधिक, केवल, बिरिथा आदि।

(4) संख्या वाचक अव्यय—'अकेलुआ', सभे, कुछ आदि शब्द संख्यावाची अव्यय के रूप में व्यहृत हैं। यहाँ अकेलुआ से अकेला, सभै-सब, कुछुवे—कुछ से बना है।

(5) परिणाम वाचक— भोजपुरी में कुछ ऐसे भी अव्यय प्रयुक्त हैं जो अपनी संरचना में सर्वथा प्रथम हैं। जैसे—अउरी (और), कम-बेसी (कम-अधिक), थोड़ा या थोड़य (कम)।

तात्पर्य यह है कि लोरिकायन का व्याकरण एक प्रकार से भोजपुरी साहित्य का व्याकरण है जो शब्द अन्य भाषाओं से आकर घुल मिल गये हैं, उनका स्वरूप स्थिर नहीं है। लोरिकायन अनेक जनपदों में गाया जाता है। अतः उसकी भाषा के स्वरूप में भी प्रायः परिवर्तन हो जाता है। बलिया की लोरिकी में विशुद्ध भोजपुरी के शब्द मिलते हैं तो मिरजापुर के लोरिकायन में मिरजापुरी बोली की प्रधानता देखी जाती है।

'लोरिकायन' वास्तव में एक ऐसा काव्य है, जिसका आनन्द पढ़ने में कम, सुनने में ही अधिक है। इसीलिए इसे सही-सही लिपिवद्ध करना भी कठिन है। जब यह कार्य हाथ में लिया गया तो यह कठिनाई भी गाड़ी के सामने काठ बनकर आयी।

गायक एक ही शब्द का कई प्रकार से उच्चारण करता है। वह कभी 'अहीर' तो कभी 'अहिर', कभी 'गंगिया' तो कभी 'गङ्गिया' और 'गङ्गिया' भी कहता है। इसी प्रकार कभी 'दुर्गा' कहता है तो कभी 'दुरगा', कभी 'सौरू' उच्चारण करता है तो कभी 'सँवरू' कभी 'सेल्हिया' कहता है तो कभी 'सेन्हिया'। शब्दों का तोड़-मड़ोर कर उच्चारण भी करता है।

संकलन में शब्दों को यथावत रखने का प्रयास किया गया है ताकि उसका भलीविधि गायन तो किया ही जा सके, शब्दों की परिवर्तनशील प्रकृति का अध्ययन भी किया जा सके। वास्तव में इस ग्रन्थ का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन भी एक उपयोगी और सार्थक कार्य हो सकता है।

आज का परिवेश और प्रस्तुत ग्रन्थ

किसी भी रचना की उपजीव्यता उसके शाश्वत मानवीय मूल्यों पर निर्भर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

करती है। प्रेम, सहानुभूति, करुणा, दया, परोपकार, सत्य, अहिंसा आदि शाश्वत मानवीय मूल्य हैं। इस दृष्टि से जब हम 'लोरिकायन' पर विचार करते हैं तो पाते हैं कि इसमें ये सभी मानवीय मूल्य वर्तमान हैं। 'लोरिकायन' लोरिक की शौर्य्य-गाथा है।

इस रचना से जीवन में संघर्ष की प्रेरणा तो मिलती ही है, उससे पुरुषार्थ की प्रेरणा भी मिलती है। इसके पात्र-स्वत्व-रक्षा के लिए नहीं अन्याय, अत्याचार, अनाचार, दुराचार, आदि दुष्प्रवृत्तियों के अंत के लिए धर्म-युद्ध करते हैं। वीर लोरिक दुष्ट तथा दुश्चरित्र राजा मोलागत को पराजित कर सती-साध्वी नारी मँजरी का उद्धार करता है। मँजरी भी दुष्ट राजा के चंगुल में जाने से इनकार करती और अपने योग्य वीर पति लोरिक का वरण करती है। ये घटनाएँ जहाँ एक ओर सामन्ती व्यवस्था के प्रति आक्रोश का संकेत देती हैं, वहीं दूसरी ओर आज के युवावर्ग के लिए भी प्रेरक सिद्ध होती हैं।

आज के परिवेश में भी इस महागाथा का बड़ा महत्व है। इसमें जाति-वर्ग हीन समाजवाद की सार्थक कल्पना की गई है। इसमें जाति-पाँति, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब के भेद-भाव की भावना का विरोध किया गया है। मँजरी गाँव की हर जाति की बालिकाओं के साथ खेलती है तो लोरिक भी शूद्र जाति के व्यक्ति अजई धोबी को अपना गुरु बनाता है। लोरिक का भाई सँवरू गंगिया नाई के साथ बैठकर भोजन करता है। राजा सहदेव द्वारा दिये गये भोज में सभी जाति के लोग सम्मिलित होते हैं।

'लोरिकायन' के अध्ययन से ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय का ग्राम्य-जीवन बड़ा सुखी तथा सम्पन्न था। दारिद्र्य और अकाल-दुकाल का नाम न था। होली आदि के पर्व तो बड़े हर्षोल्लास से मनाये जाते थे जिसमें हर जाति-वर्ग के लोग सम्मिलित होते थे।

समाज में स्त्रियों का सम्मान था। बड़े-बूढ़ों को सभी आदर की दृष्टि से देखते थे। समाज चार वर्गों में विभक्त था तथा सभी वर्ण अपने-अपने कर्त्तव्य का पालन करते थे।

अतः संक्षेप में कहा जा सकता है कि प्रस्तुत महागाथा भी 'रामायण' की ही तरह समन्वय की एक और चेष्टा है, इससे पथ-भ्रष्ट समाज को मार्ग-दर्शन मिलेगा और इसके अध्ययन की अनेकानेक सम्भावनाएँ बनेंगी। अब तक यह महागाथा मौखिक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

परम्परा में ही थी। इन पंक्तियों का लेखक इसे मौलिक, प्रामाणिक और सम्पूर्ण रूप में पहली बार प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित है।[1]

संकलन की पद्धति तथा बाधाएँ

लोक-साहित्य का संकलन एक कठिन कार्य है। लेखक के सामने भी अनेक व्यावहारिक कठिनाइयाँ आती गईं अतः उनका उल्लेख कर देना भी आवश्यक है।

इस कार्य की प्रथम प्रेरणा मुझे अपने माता-पिता से मिली जिनकी गोद में बैठकर राजा-रानी की अगणित कहानियाँ सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अवस्था बढ़ने के साथ गांव के बड़े-बूढ़ों से भी लोक-कथाएँ, गाथाएँ सुनता रहा। मुझे स्मरण है मेरे गांव के नक्कूतेली और सीता सोनार हमें कौड़े के पास कहानियाँ सुनाया करते थे। इन कहानियों के संग्रह के भाव भी मेरे मन में तभी आये थे। बाद में लेखन से जुड़ने के साथ मेरा परिचय 'सम्मेलन पत्रिका' के तत्कालीन सम्पादक तथा महाप्राण 'निराला' के मित्र ज्योतिप्रसाद मिश्र 'निर्मल' से हुआ। उनकी प्रेरणा से लोक-साहित्य के संकलन में जुट गया। उन दिनों आदिवासी-बहुल क्षेत्र चोपन में कार्यरत था। दिनभर की कार्य-व्यवस्तता के बाद, प्रायः अवकाश में किसी-न-किसी गाँव में निकल जाया करता था। इसी क्रम में कुरहुल गाँव में भी एक दिन गया जहाँ नूरे केवट से भेंट हो गई। नूरे केवट को 'लोरिकायन' सम्पूर्ण कंठाग्र था, जिसका सस्वर पाठ वे खेत अगोरते समय प्रायः मध्य रात में मैरा या मचान पर सोकर किया करते थे। उन्हें भीड़ पसन्द न थी और न वे किसी के कहने पर भीड़ में सुनाते ही थे। मैं अपने प्रिय शिष्य रामकुमार के घर से उनके गीतों को सुना करता था। इस पूरे गीत को सुनने में लगभग एक वर्ष का समय बीत गया और तब मैंने नूरे से आग्रह किया कि वे उसे लिपिबद्ध करा दें। लेकिन यह एक दुस्कर कार्य था जिसे नूरे ने स्वीकार नहीं किया।

कुछ समय बाद जब मैंने उनसे अपनी 'मैत्री जोड़ ली और वह प्रगाढ़ता में परिणत हो गई तो उनसे कहा—"आप कौड़े पर इसे सुनाया करें।"

कौड़े के पास मैं कुछ लोगों को जुटा लिया करता था, ताकि सुनने-सुनाने का महौल बने। कंकड़-तमाखू बीड़ी-गाँजा का दौड़ जानबूझ कर चला दिया करता था, ताकि लोग ऊब कर उठने न पावें। इस तरह दूसरी बार इस महागाथा को सुना जिसमें लगभग एक वर्ष का समय और लग गया। इसके बाद लिखने-लिखाने

---

1. विस्तृत जानकारी के लिए देखिए संतबरग्श भारतीय द्वारा अर्जुनदास केसरी से ली गई एक विशेष भेंटवार्ता: 'अमृतांजलि' (सं० एम० एम० खान) दिसम्बर, 1978 पृ०—3

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

का मन बना, किन्तु जब तूरे गाने लगते तो मैं लिख नहीं पाता था और जब मैं लिखने लगता था तो वे सस्वर पाठ नहीं कर पाते थे। मेरे पास वैज्ञानिक उपकरणों का अभाव था। परिणाम यह होता कि चालीस-पचास पंक्तियों से अधिक मैं इसे लिख नहीं पाता था। फिर भी, साहस बटोर कर उसे लिखता रहा जिसमें लगभग तीन वर्ष का समय लग गया। अब इसकी शुद्धता का प्रश्न खड़ा हुआ तब मैंने उधार के टेप रिकार्डर से उसे पुनः टेप करना आरंभ किया। जितना अंश टेप करता उतना अपने लिखित पाठ से मिलाता जाता। इस तरह इस कार्य में भी लगभग चार वर्ष का समय लग गया।

अब, जब पूरी गाथा लिख ली गई तो इसे आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, प्रो० राजाराम शास्त्री, श्री मोहनलाल गुप्त आदि को दिखलाया। इन लोगों ने इस महागाथा को लिख डालने पर आश्चर्य व्यक्त किया। और इसी पर शोधकार्य कर डालने का सुझाव भी दिया। मैं लग गया और काशी विद्यापीठ के श्रद्धेय डॉक्टर श्याम तिवारी के निर्देशन में लगभग 6 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद जब इस कार्य को भी पूरा कर लिया गया तो इसके विविध पक्षों को लेकर कई लेख लिखने का और उन्हें स्तरीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराने का सुयोग भी प्राप्त हुआ। नया विषय होने के कारण इसकी बड़ी चर्चा हुई और तब डॉ० विद्यानिवास मिश्र, अमृतलाल नागर, ठाकुर प्रसाद सिंह और अशोक जी जैसे विद्वानों से भी सम्पर्क का अवसर प्राप्त हुआ। आदरणीय ठाकुर प्रसाद सिंह के कहने पर संकलन की एक प्रति उ० प्र० हिन्दी संस्थान में जमा कर दी गई जिस पर 6000 रु० के (सन् 1976 का) राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार की घोषणा की गई। इस घोषणा को सुनकर आश्चर्य मिश्रित हर्ष हुआ। इसके बाद इस महाकाव्यात्मक लोकगाथा के प्रकाशन की चिन्ता हुई। संयोगवशात् जब 3000) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुए तो मैंने इस कार्य को भी पूरा कर दिया। अब यह महागाथा समग्र रूप में सुधी पाठकों, विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है। इसके विविध पक्षों को लेकर अभी भी अध्ययन की सम्भावनाएँ हैं। मेरी तो अब तक के साहित्यिक जीवन की यही कमाई है।

इस ग्रंथ को सुधी पाठकों, विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। पाठकों की सुविधा के लिए इस ग्रन्थ के आरम्भ में भूमिका और हर कथा-प्रसंग के आरम्भ में आगे की कथा का सारांश, शब्दार्थ तथा अन्त में तुलनात्मक अध्ययन के लिए समीक्षात्मक टिप्पणी दे दी गई है ताकि ग्रंथ को आत्मसात करने में कठिनाई का अनुभव न हो सके। अंत में विभिन्न परिशिष्टों में गायकों की सूची, स्थान-परिचय, पात्र-परिचय तथा सन्दर्भित एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थों की सूची भी दे दी गई है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

इस महत्कार्य में अनेक विद्वानों, साहित्य-मर्मज्ञों, लेखकों, सुधीजनों एवं महानुभावों का तथा कुछ पुस्तकालयों जैसे—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, हिन्दी साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग, उ० प्र० हिन्दी संस्थान, लखनऊ, राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता, और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय आदि संस्थाओं का योगदान रहा है। मैं सर्वप्रथम आलोच्य गाथा के गायक (अब स्वर्गीय) नूरे केवट का आभारी हूँ जिन्होंने इतना अधिक समय देकर पूरी गाथा का लेखन कराया। प्रथम बार सम्पूर्ण गाथा को लिखने-लिखाने का कष्ट किया अपने प्रिय शिष्य श्री रामकुमार ने अतः उन्हें भी अपनी शुभ कामनाएँ और शुभाशीष ही अर्पित कर पा रहा हूँ। मैं सर्वाधिक ऋणी हूँ अपने श्रद्धेय गुरुवरेण्य डॉ० श्याम तिवारी का, जिनके निर्देशन में यह कार्य पूरा हो सका।

इस ग्रंथ को ही नहीं, मुझे भी प्रकाश में लाने का गुरुतर कार्य किया है आदरणीय ठाकुर प्रसाद सिंह ने अतः उनके प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। मुझे समय-समय पर आचार्य प्रवर हजारीप्रसाद द्विवेदी, अमृतलाल नागर, डॉ० विद्यानिवास मिश्र, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, श्री श्रीकृष्ण दास, डॉ० शम्भुनाथ सिंह, डॉ० परमेश्वरी लाल गुप्त, श्री मोहन लाल गुप्त, अशोक जी, श्री चन्द्रमोहन शर्मा, अजम शेखर तथा डॉ० रामहित ओझा से भी परामर्श, प्रेरणा और प्रोत्साहन मिला है अतः मैं उनके प्रति श्रद्धावनत हूँ। इस महत् कार्य में मेरे शुभेच्छुओं, मित्रों जैसे देवकुमार मिश्र, उदयशंकर दुबे, मुनीर बख्श आलम, एम० ए० खाँन, एस० एन० श्रीवास्तव, सन्तबख्श भारतीय, जगदीश पंथी, श्रीनाथ मालवीय, रामकृष्ण तिवारी, हरिहर आदि का भी कम योगदान नहीं रहा है। शेखजैगुल आब्दीन, एस० अतिबल, सुधेन्दु पटेल तो मेरी इस यात्रा के सहयात्री रहे हैं, अतः उन्हें धन्यवाद क्या दूं। हम सब अभी भी यात्री हैं।

लोकवार्त्ता शोध संस्थान
राबर्ट्सगंज, मिरजापुर
उत्तर प्रदेश।

—अर्जुनदास केसरी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिकी में वर्णित मिर्जापुर के प्रमुख वा स्थान रा



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अगोरो दुर्ग को भोतरो दीवार का शिलालेख । इसे राजा मोलागत का किला कहते हैं । लोरिक का इसी से युद्ध हुआ था ।

मारकुण्डी घाट स्थित लोरिक पत्थर
जिसे लोरिक ने अपनो तलवार से काटा था ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



अगोरो दुर्ग का मुख द्वार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



गोठानी के मंदिर : लोरिक की बारात यहीं टिकी थी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

गोठानी की देवी जिसने लोरिक को विजयी होने का वरदान दिया था।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अगोरी स्थित मनियां देवी
लोरिक ने इस देवो से भी वरदान प्राप्त किया था।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



लोरिक की आराध्या बरम्हाइन देवी (बलिया)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



लोरिकायन के गायक नूरे जिनसे पूरी गाथा लिखी गई ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोरिकायन

पहला खण्ड

लोरिक-मँजरी-बालकाण्ड

(क) लोरिक के जन्म की कथा

(दूधनाथ यादव के अनुसार)

सारांश—(1) लोरिक का जन्म—गउरा गाँव में बूढ़ कूबे और खुइलन रहते थे। उन्हें कोई संतान न थी। शाम का समय था। जब खुइलन का चौथापन आया और कोई पुत्र पैदा नहीं हुआ तो उन्हें चिन्ता हुई। वह बूढ़ कूबे (पति) के पास भोजन लेकर जा रहीं थीं। मार्ग में बच्चे घर-घरौना[1] खेल रहे थे। खुइलन के पाँव से बच्चों का खेल बिगड़ गया, बच्चे रोने लगे, तब तक घर से एक ब्राह्मणी स्त्री निकली और ताना मारती हुई बोली 'तुम्हें कोई लड़का नहीं है क्या, जो लड़कों का खेल बिगाड़ रही हो।' यह बात खुइलन को लग गयी। वह जंगल में जाकर रोने लगीं, तब तक एक मुनिजी प्रकट हुए। उन्होंने आने का कारण पूछा तो खुइलन ने कहा—"मैं अब जीवित रह कर क्या करूँगी जब पुत्र न होते के कारण ताना ही सुनना है।" इस पर मुनिजी ने रविवार का व्रत रहने और गंगा स्नान करने को कहा और बताया कि इससे पुत्र-रत्न की प्राप्ति होगी। खुइलन प्रातः होने ग्रहण के दिन रवि का व्रत रहीं और जब गंगाजी स्नान करने चलीं तो उनके मन में आया कि जीकर क्या होगा, गंगाजी में ही जान दे दूं। ऐसा सोचकर ज्योंही गहरे जल में कूदीं कि गंगाजी ने प्रकट होकर कहा "जान मत दो। लो, पाँच जड़ी देती हूँ, इसे खाओ, पुत्र-प्राप्ति होगी।" गंगाजी के इस आश्वासन पर वह उठीं और स्नान करने लगीं, तब तक एक कौवा आया और एक जड़ी लेकर उड़ गया। एक घोड़ी चर रही थी। कौवे के मुख से

---

1. गाँवों में अब भी बच्चे मिट्टी का घर बनाकर खेलते हैं। उसे घर-घरौना का खेल कहते हैं।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वह जड़ी गिरी जिसे उस घोड़ी ने खा लिया, जिससे मंगरू नामक बलवान घोड़ा पैदा हुआ।[1] शेष चार जड़ी लेकर घर की ओर चलीं। रास्ते में दो औरतें मिली, जिन्हें कोई पुत्र नहीं था, खुइलन ने दो जड़ी उन्हें भी दिये। अब दो जड़ी और बची।

खुइलन उसे लेकर आगे बढ़ीं। गउरा गाँव में आने पर बिजवा नामकी धोबिन मिली। उसे भी कोई पुत्र न था। बिजवा ने कहा—"गोंहिन, आप स्नान करने गयी थीं, कुछ प्रसाद लायी हों, तो दीजिए।" खुइलन ने एक जड़ी उसे भी दे दिया। बिजवा ने उसे खाया, जिससे अजई नाम का महान् योद्धा पैदा हुआ।[2] अब एक जड़ी बची जिसे खुइलन ने स्वयं खा लिया। अब ब्रह्माजी को बड़ी चिन्ता हुई कि इसे पुत्र पैदा होगा कैसे? भाग्य में तो बदा नहीं है। फिर भी, कुछ उपाय तो करना ही पड़ेगा। इतना सोचकर वे इन्द्रासन गये। वहाँ जाकर इन्द्र से कहा 'मुझे एती वीर को मृतलोक ले जाने के लिए आज्ञा दीजिए। उसे खुलइन के गर्भ से पैदा कराना है।', एतीजी सुन रहे थे, उन्होंने कहा, 'ऐसे अकेले जाकर मैं क्या करूँगा, मृतलोक में जाकर कुछ काम भी तो करना पड़ेगा। अत्याचारियों का अंत करना होगा, अतः मेरे दाहिने कन्धे पर दुर्गाजी को भी जाने का आदेश दीजिए।" ऐसा ही हुआ। एती के रूप में खुइलन के गर्भ से लोरिक का जन्म हुआ जो दुर्गा का भक्त था और जिसने इतना बड़ा पुरुषार्थ दिखलाया।[3]

पाँच जड़ी से पाँच वीर पैदा हुए जिनमें लोरिक-अजई दो मुख्य थे। जब ये बारह वर्ष के हुए तो गउरा में अखाड़ा खोदकर कुश्ती का अभ्यास करने लगे।

(क) लोरिक का जन्म

सुमिरनी—राम राम रघुनन्नन धन-धन करता नाथ भगवान।
कहलँऽ के रामइं नऽ नउवाँऽ[4] हम लेऽहल॥
देबी कऽ लेले बाटी ए रामा सरतिया न हो मनाऽऽइ।
दूऽइ जून[5] राम क नाम लेहल॥
एक संझा[6] एक सबेरवाँ[7] ले बिहाऽऽना।
एक बेरी अउरो[8] नाम हम राम क लेहल॥
के तऽ फिर गइया बयनवाँ के अड़ाऽऽर।
एक बेर अउर राम क नाम हम लेहल।

---

1. इसी घोड़े पर चढ़कर लोरिक अभोरिका ने युद्ध किये थे, 2. इसकी वीरता का वर्णन आगे किया गया है, बंठवा, लोरिक इसी के शिष्य थे, 3. आगे की कथा नूरेकेवट कुरुहुल के पाठ से सुनिये, 4. नाम, 5. समय, 6. सायंकाल, 7. प्रातः, 8, और।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जवने दिना कतहूँ लमहर[1] के ए रामाँ,
कइले हम हई पयाऽऽऽम[2]।
एठे[3] सुमिरत बाई[4] माई भुइंधरती,
ओठे सुमिरत हम-ए मइया इनरवापुर[5]क हो ऽकैलाऽऽस।
बायें सुमिरल बनसत्ती, दहिने सुमिरत रहली एऽ मावाऽ[6],
दुरुगवा[7] नऽ बड़ि होऽऽ माऽऽइ।
जीभी के टूनगा[8] पर सुमिरत बाई माई सारदा के,
जवन भूललि-भूललि अछरिया[9] मोर देलेन बताऽऽइ।
कण्ठे में सुमिरत हई कठेसर,
लेकिन हृदय में ए मइया गउरीनंदन गणेऽऽस।
अरे भागे के दायें सुमिरत बाई भगवती,
रनवाँ[10] जीतबइ करबू[11] ए मइया दुरुगवा मोरि हो माऽऽइ।
जेह समय जन्म भयल लोरिक कऽ,
ओह समय सवा पहर बरसा भइल बरियाऽऽर।
लोहे कऽ सवा पहर बरसा भइल बरियाऽऽर,
बेला बत्ती कऽ, महल भइल ह ओजरार।
तिन पल बीति गयल ह खुइलन का,
चौथे में लोरिक लेले हवंऽ अवतार।
जवने समय खुइलन चलल रहनी घरे से,
बूढ़ कूबे क पानी दाना लेकऽ गाइन के अड़ाने।
बीच रास्ते में दूठे[12] लड़िका खेलत बायँऽ खेलवाड़,
खुइलन पयर[13] से लड़िकन क बिगड़ि गयल बा खेलवाड़।
बड़े जोर से लड़िका रोवनऽ,
घर में से माता निकललि बा बड़ी जोर बरियार।
बड़ा जोर से मेहना[14] मरले बा खुइलन के,
खुइलन मन में सोचत चलि देहलेनि उपाय।
जाय के जंगल में रोदन कलइ लागलि हइँ,
ओही समय पहुँचल बायँऽ एक मुनी बरियार।
"सुनऽ माता खुइलन काहे के रोदन करति हऊ,

---

1. दूर, 2. प्रयाण, 3. यहाँ- 4. हूँ, 5. इन्द्रपुर, 6. माता, 7. दुर्गा, 8. जिह्वाग्र, 9. अक्षर, 10. रण, 11. करोगी, 12. दो, 18.पैर, पाँव, 14. ताना।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

एकर भेद देबू तूँ हम्मइँ बताइ।
बोललि बाइँ खुइलन "सुनऽ-सुनऽ मुनीजी,
कहल करऽ आपन बिनती मानि लेबा हमार।
मरले बाइ एक ब्राह्मणी मेहना हम्मइं[1],
हमरे बूते सहलवा नाहीं जाय।
अब हम जवन बा न जाब गउवाँ पर,
जंगल में जिन्दगी देब हम आपन गँवाइ।"
तवने बखत बोलल बायँऽ मुनी जी,
"सुनऽ सुनऽ माता खुइलन।
कहल करऽ आपन, बिनती मानि लेबिउ[2] हमार,
रबी कऽ बरत रहा, गंगा जी अस्नान करा।
तोहार कारज सफल होई बरियार,"
तोहार कारज सफल होई बरियार।"
ओइ समय खुइलन ऊहाँ से चलि देलेनि घरे के,
लबटि अइनी अपने पवन दुवार।
दइउ संजोग राति बीति गइलि,
बिहना से बरत परत बा बरियार।
लागल रहनऽ गरहन करै चलल हइँ अस्नान,
जाइ कऽ गंगाजी कइले बाइँ नहनवां।
जेह समय नहाइ कऽ करारे पर आइ गइलिन,
ओदकी[3] धीती छोड़ि देहलेनि।
झुरकी[4] धोती अंग में देले बाइँ लगाइ।
फेरि से कूदि गइलि बाइँ,
देवइ बदे आपन जाऽऽन।
गइलि बाइँ जल अन्दर,
भइलि बा भेंट गङ्गाजी से बरियार।
हाँथ जोड़ि के बोललि बाइँ गङ्गा,
"सूनऽ माता खुइलन कहल करऽ आपन।
बिनती मानि लेबिउ हमार,
मति जान तूँ दाऽ हमरे जल में डूबि कइ।
हानि होई हमार बरियार,

---

1. हमें, 2. मानलोगी, 3. ब्रत, गीली, 4. सूखी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ला, पाँच जड़ी तोहइं देवइ,
तोहार कारज होई बरियार।"
एतना कहि के गङ्गा जी,
अपने लहर से फेंकि देलेनि हंऽ बरिऽयार।
आइ गइनी खुइलन करारे पर फेरि,
लोटी-धोती ले के चलि देहलेनि।
कुछ दूर पर पहुँचि गइलि बाइं,
एक नदी परलि बाइ बरियार।
बूटी धरइं लोटिया धोवइं मुंहवाँ जाऽइ,
दइउगती एक बूटी कउवा लेइ कऽ गयल पराइ।
भागि गयल बा कउवा नेउरापुर में,
जड़ी देले हऽ गिराइ।
चरति रहलि पवनी घोड़ी,
जड़ी गइलि बाइ खाऽऽइ।
रहि गयल गरभ घोड़ी के,
पैदा मँगरू भयल बाइ बरिऽयार।
जौने बखत कउवा बूटी लेइकऽ ऊड़ि गयल[1],
अ उलटि कऽ खुइलन तकलेन हंऽ।
मनवाँ में कइले बा बिचाऽर,
हो हो दइउ नरायन।
का विधि लिखले हवंऽ लिलाऽर,
अऽ एतना कहि के खुइलन।
कइले बा पयाम,
एक्कइ मरले एक्कइ कटले।
पहुँचि गइलि बाइं गउरा के अपने बजाऽर,
बीच रास्ते में एक मेहरारू[2] गोइठा[3] बीनत रहल।
ओहनउँ दूइ सवति रहनी,
ओहनउँ के लड़िका एको ना रहनऽऽ।
खूस होके खइलन जड़ी, दू ठे देले बा थम्हाइ,
कहले बाइन के "एक-एक जड़ी खाबा सो तोहनों।

1, भाग गया, 2. स्त्री, 3. उपली।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

तोहनों क कारज सूफल डोइ जाई बहिनी,
गउरा में बरिऽयार।"
लेके जड़ी चलि गइलि बाईं,
अपने पवन दुवार।
दुइ जड़ी बचल, पहुंचि गइनी, पवन अपने दुवार,
ओही समय बिजवा नाम क धोबिन।
आइल खुइलन के पवन दुवार।
"सुन सुन खुइलन,
कहल करऽ आपन बिगती मानि लेबिउ[1] हमार।
गई रहलू नहाये, कवनो परसाधी[2] लियाइलि होबिउ,
त हमके देबई करबिउ बहिनी।
गउरवाँ में न हो टेऽकाऽऽऽइ।
लेचल के नहाइ धोइ के हमहूँ तोहार जड़ी खाइ लेहित,
कारज सफल होतइ बहिनी
गउरवा में न हो हमाऽर।"
ओह समय खूस हो के खुइलन,
एकठे जड़ी लियाके देले बाईं मोर बहिनी।
धोबिनियाँ के न हो टेऽकाऽऽइ।
ले गइलि बा धोबिन नहाइ ये,
जड़िया लेले बाइ मोर बहिनी,
गउरा में न हो खाऽऽइ।
जौने बखत खाइ गइलि बाइ जड़ी धोबिन,
गर्भ रहि गयल बा बरियार।
समय दीन अइले पर, जन्म भयल बा गुरु अजई कइ बरियार,
बचल एक बूटी नहाइ धोइ कऽ खुइलन गइलि बाईं खाइ।
जौने बखत बूटी खइले बाईं खुइलन,
ब्रहमा गयल हवँऽ घबराइ।
अरे लीखल पूत नहिनी एन्हईं,
कवन करब इहाँ हम उपाइ।
लेकिन देहल बूटी हवइ गंगा कऽ,

1. मानलोगी, 2. प्रसाद।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कवनो करइ बदे पड़ल हम्मइं उपाइ।
ओइ समय इन्द्र भगवान के यहाँ गपल हवंऽ ब्रह्मा,
बतिया कहत हऽवंऽ समुझाइ।
बोलल बायंऽ ब्रह्माँ इन्द्र भगवान से,
"एती[1] बीर के हम्मइं देदा।
ले जा मृत्तुलोक मैदान,
ओह समय एती बीर सुनले हवंऽऽ।
ब्रह्माँ से बोलल बायंऽ बाति ललकार,
"बहुत बीर बायंऽ इन्द्रासन में।
कौनों दूसरे के ले जा मृतुलोक मैदान।"
हांथ जोड़ि के बोलल बायंऽ ब्रह्मा।
"एतीजी कहऽ करऽ आपन,
बिनती सुनऽ हमार।
चल चलऽ मृत्युलोक में,
जवन कहऽ पूरा करब तोहार।"
ओह समय एतीजी कहले हवँऽ,
"मनवइ करबा ए ब्रह्मा, कहनवां निजु कऽ हमारऽ।
दहिनी अंऽ दुर्गा के देदा
तब तऽ चलबइ हम करबइ ए ब्रह्मा।
मिरितवा भय होदाऽऽन।"
खूस होके ब्रह्मा बोलल हवंऽ के।
"पूरा करब मइया कहनवां निज के तोहार,
जौने बखन जन्म लेले बायंऽ लोरिकगउरा में।
ओइ बखत मचल खुसियाली बा बरियार,
पाँच जड़ी रहल गंऽगा कऽ।
पांचो बीर भयल बायंऽ तइयार,
जौने समय बारह साल कऽ भयल हवंऽ।
सङ्घवा धइले बायंऽ रामाऽऽ,
धोबिया कइ होऽऽ बरियार।
जौने समय खन देले हवंऽ अखाड़ा करमामेल महुबा तर,
अ दून्नों बीर लड़त हऽवंऽ अखाड़ा में बरियाऽर।

---

1. एतीवीर का नाम लोक-विश्रुत है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

समीक्षात्मक टिप्पणी—लोरिक-जन्म की यह कथा प्रायः किसी पाठ में नहीं मिलती। नूरे केवट ने भी इतनी लम्बी गाथा में लोरिक के जन्म की बात कहीं नहीं की। चिरागन के पाठ में लोरिक के जन्म का उल्लेख दूसरे ढंग ले किया गया है। उसमें भी सूर्यव्रत की बात आयी है, किन्तु जड़ी का कहीं उल्लेख नहीं हुआ है। नूरे केवट की कथा के पूर्व इस वृत्तान्त को जोड़ने से लोरिक के सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश पड़ता है।[1]

(2) **मोलागत और महरा की स्थिति**—अगोरी का राजा मोलागत स्वभाव से दुष्ट है। वहीं का महरा अहीर भी राजा समान धनी है। क्योंकि मोलागत 12 पाल (भू-भाग) का स्वामी है तो महरा भी कई लेंहड़ा (समूह) गायों का स्वामी है। राजा से समस्त प्रजावर्ग आतंकित एवं असंतुष्ट है, किन्तु इसे उसकी कोई चिन्ता नहीं है।

(3) **दोनों में वैरभाव का आरम्भ**—एक दिन राजा अगोरी दुर्ग से निकलकर महरा के दरबार की ओर जाता है और दूर से ही उसे सोने की मचिया (आसन) पर बैठा देखता है। राजा को अपने निकट आता देखकर भी वह स्वागत में उठता नहीं है। तब राजा दस हाथ पीछे हटकर जोर से खाँसता है ताकि महरा उसका सम्मान करने के लिए उठे, किन्तु वह तब भी नहीं उठता। अन्त में, बारम्बार राजा के खाँसने की ध्वनि महरा के कानों में पड़ ही जाती है। तब वह घबरा कर उठ जाता है और कटूक्ति-स्वरूप यह कहता है—"ऐसे नामर्द राजा ने अगोरी में जन्म ले लिया है जो प्रजा का खान-पान तक निहारा करता है, इससे हम लोगों का तो अगोरी में रहना दूभर हो गया है।"

(4) **महरा की कटूक्ति से अपमानित होकर राजा की प्रतिशोध भावना**—राजा उसके इन अपमान जनक शब्दों को सुन उल्टे पाँव किले में लौटकर चिन्तित होता है। अवसर पाकर चुगुला सोनार चुगुली करने के लिए राजा के निकट जाता है और राजा की चिन्ता का विषय जानकर वह महरा को बुलवाने के लिए राजा के कुछ सैनिकों को भेजता है। सैनिक महरा को जबरदस्ती पकड़ कर लाते हैं। फलतः प्रजा-वर्ग में खलबली मच जाती है तथा महरा के पक्षधर भी वहाँ आ जुटते हैं। तदनन्तर महरा राजा से अपना अपराध पूछता हैं।

(5) **द्यूत-क्रीड़ा का प्रसंग**—उत्तर में राजा कहता है "गलती तो तुम्हारी कुछ नहीं है, हमारी ही है। सचमुच तुम्हारे समान साहसी बारहों पाल में मुझे कोई भी

1. लोरिक के जन्म की कथा प्राप्त करने के लिए इन पंक्तियों के लेखक को बड़े पापड़ बेलने पड़े हैं। संयोग से पाण्डुलिपि प्रेस में देते-देते यह कथा प्राप्त हो गयी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

नहीं दिखता। तुम्हीं मेरे वास्तविक जोड़ीदार हो। हममें से कोई एक ही इस प्रदेश का राजा हो सकता है। आओ, आपस में जुआ खेलकर इसका निर्णय कर लें, जो जीते वही राजा बनने का अधिकारी है।"

(6) महरा की जीत—इस प्रस्ताव पर महरा राजा के साथ जुआ खेलने को तैयार हो जाता है। राजगद्दी पर महरा कुश की सथरी (चटाई) पर बैठ जाता है। कौड़ी छाँकी जाती है। पहिली बार की कौड़ी में महरा राजा का घोड़ा घुड़साल, दूसरी में हाथी-हथिसार, तीसरी में घटिहटा गाँव, चौथी में अगोरी पाल, पांचवीं में राजा की गद्दी, किला और दरबार सब जीत लेता है। छठी कौड़ी का दान जीत कर वह कान पकड़कर राजा को सिंहासन के नीचे उतार देता है और स्वयं गद्दी पर बैठ जाता है। राजा निराश होकर पश्चिम दिशा की राह लेता है। राजा की यह दशा देखकर कृपालु तथा चिन्तित ब्रह्मा ब्राह्मण का रूप बनाकर राजा के पास आते हैं तथा दीन-दशा का कारण पूछते हैं। राजा सारा वृत्तान्त सच-सच बता देता है।

(7) निर्वासित राजा औ कृपालु ब्रह्मा—छद्मवेषी ब्रह्मा राजा को वापल लौट कर और अगोरी के महाजनों से दो-चार सौ रुपये उधार लेकर महरा से फिर जुआ खेलने की सीख तेते हैं और इसके द्वारा राज्य के पुनः मिल जाने की भविष्यवाणी करते हैं।

●

नूरे केवट, कुरुहुल, चोपन (मिर्जापुर) का पाठ

राजा मोलागत और महरा में संघर्ष का आरम्भ

दखिन न देसवा बाड़य[1] खङार[2], एक उहाँ[3] नगर अगोरी बाय[4] पाल[5]।
सोनय भदरवा[6] के बाय तीर, खोरिया[7] में उर्दू बसल बाय बजार।

---

1. है, 2. अंगार, खंङ्गार नाम की एक वीर जाति, 3. वहाँ, 4. है, 5. टप्पा, 6. भदरवा=शोणभद्र, 7. खोरिया=गली।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

राजा मोलागत का महरा के घर जाना

बारह न पाल का मलिकार[1], रजवा[2] बैठल मोलागत जब बाय।
जेकर उर्दी कहुलवा बिहलाय[3], नेम[4] से लागत कचहरी रजवा का।
रजवा का कसी के लगत बाय कचहरी, कितनो राजा दयिवा का दरबार।
एक रोज रजवा अरथ बाय घटवले, मनवाँ में करत बाय विचार।
केऽ हम बारह पाल कऽ मलिकार, देख भाई परजा हमरे हुकूमत में बाय।
के कोई परजा में जनमल जोड़ी बाय दाऽऽर, संझा न भइल सँझेखर।
कैसों भाई बीतल रतिया ओठिन, जौन दिन भोर होत बाय बिहाऽन।
पुरुब[5] कउवा मचवले बाँयऽरोऽर, ऊठल न रजवा बाय मोलागत।
जाय कर दिसा होत बायऽ मैदान[6], छत्री कुल्ला-गलिया[7] जब करय।
जायकर चौकी करत असनान, पूजा न पाठ आपन करलेन।
राजा किला से हो गयल बायँऽ तैयार, गोड़वा[8] में सोने खड़ाऊँ पहिनले।
हाँथे सोबरन[9] न छड़िया बाय देखात, पुरुब होतय सुरुजवा[10] जब ऊदय।
बाहर राजा उतराय सिढ़िया किलवा का, राम नाम गुन गावै के ठाकुर।
एकदम जूटत उधुवा के नाऽर[11], एहर[12] एक-एक सहुआ दुकानदार।
जौन दिन घूमल पलक छत्री का, परजा ठोंकय तलवा तकदीर[13]।
वह दिन जूटत राजा बाय मोलागत, परजा निहुर[14] करत बाय परनाम।
राजा आसीरबाद बाय देत, कितना चीनी गिलास घोराय सरबत।
कितना पानी पत्तर बायंऽ टेकावैं, कितना पानय न बीरा[15] लगावैं।
राजा सबके करत बायंऽ इनकार, पैंड़े में सबके देत बायंऽ असीस।
एकदम रेंगल राजा जाय मोलागत, ऐसे तैसे बारह पाल[16] घूम गऽयल[17]।
परजा सब कोई करत बाय परनाम, जोने बखत घूमल खोरी दखिनयँ का।
जहाँ महरे अहिरे का दरबार, एकदम राजा न रेंगल बाय रेंगावल।
जायकर जूटल दुवारे महरे का, जौन अहीर बाय महरा।
ऊ फेर बैठल अऽनई में बाय, जेनकर सोने गूँजे क मचिया[18]।
जैसे बैठत पुलिसवा देखा आय, वह चाल महरा अहीर बैठल।

---

1. मलिकार=मालिक, 2. रजवा=राजा, 3. कहुलवा=छीमी फली, 4. नेम=नियम, 5. पुरुब=पूरब 6. मैदान=पाखाना, 7. गललिया=कुल्ला कर के मुँह साफ करना, 8. गोडवा=पाँव, 9. सोबरन=सोना, 10. सुरुजवा=सूर्य, 11. उधुवा का नाला, आगोरी के पास का एक स्थान, 12. इधर, 13. ताला-तकदीर ठोकने का मुवहारेदार प्रयोग, 14. झुक कर, 15. पान का बीड़ा, 16. टप्पा, 17. घूमगया (कहते हैं, अगोरी बाजार, खण्डों में बँटी थी), 18. बैठने का आसन।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

राजा घण्टा देखत बाय छमीछा,[1] अपने में लेलेस अरथ बाय घटाय।
कितनों महरा अहीर जौन बाय, परजा ठहरल अगोरी में हमार।
हम फेर राज-दयिवा[2] का जोर। हमरे में कौनो गलती नाहीं देखाय।
गलती लौकत एठे हमार। एकदम दस हाँथ पीछे रजवा बाय पछिलल।
जायकर दुरिहैं से खखारी बाय मारत, अहिरै के काने सबद चल जाय।
एकदम ऊठल अहिर जलकाय[3], जाय कर भयल दुवरवा पर ठाढ़।
जौन दिन फिरल पलक छत्री का, अहिर जर-मर भयल खङार[4]।
कहलेन "हो-हो दई हो नरायन, का ब्रह्मा लिखला तलवा तकदीर।

महरा द्वारा राजा का अपमान तथा राजा के सिपाहियों द्वारा महरा को टेक कर राजा के समक्ष उपस्थित किया जाना :—

कौन जबाना बाय पलटल, अगोरी में गाँडू[5] सुवा बाय जनमल।
परजन का घूम-घूम तावा बाय देखत,[6] कैसे गुजर अगोरी में बाय।"
इतना न राजा सुनत बाय छत्री, गुस्सा में राजा भयल भुरकुस।
दहिने अँङुरी दाँते बाय चबाय[7], एकदम लौटल किला भण्डार।
राजा के अइसन सोच बाय सकाइल, जायकर अन्न छोड़ल बाय जलपान।
सून भइल कचहरी राजा का, झंखत बायं कचहरी के सब लोग।
जायके राजा के पलङे से जगावै, मन न ठटले बायं मंत्री।
चुगुला[8] बोलत दरियाँ बायं सोनार, राजा न सुनवा महराजा।
दरियाँ मानऽ कहल हमार, राम न राम गुन गावै के ठाकुर।
बारह न पलिया के मलिकार, के फेर बली अगोरी में तोहसे जनमल।
ओकरे जामल तरुनियाँ में दाँत[9], राजा जलदी आडर[10] तूं लगवैबा।
दस-बीस सिपहिया देवा दौड़ायऽ, वह दिन ऊठकर राजा पलँगे पर बैठल।
आडर न राजा बाय लगवले, दस-बारह सिपाही डहरल[11] किला से।
जाय कर छेंकलेस महरा का दरवार, महरा अहिर अङनई बाय मीलत।
सिपाही हाँथय-हाँथ लाग जाय, एकदम टेकले अहिर के लेले जानऽ।
टाइम[12] दस बजे का बाय दिन, परजा बारह पाल का बाय देखत।

---

1. घण्टाछमीछा, घण्टा-प्रहर का पर्याय है, 2. ईश्वर के समान प्रतापी राजा, 3. घबड़ा कर, 4. अंगार, राख, 5. एक प्रकार की गाली, 6. ताबा देखना मुहावरेदार प्रयोग, 7. दाँते अंगुली चबाना, 8. चुगुला, चुगुली करने वाला सोनार जाति का व्यक्ति जो उन दिनों प्रायः हर राज-दरबार में रहता था, झगड़ा लगाने वाला, 9. ताल में दाँत जामना, मुहावरेदार प्रयोग, 10. आर्डर (अंग्रेजी), आदेश 11. निकल पड़े, 12. समय (अंग्रेजी प्रयोग)।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

राजा के विरुद्ध प्रजा-वर्ग का विद्रोह

देखतय हहरय परजा अगोरी का, "राजा के नीचे राजा बाय अहीर।
तेकर ऐसन गति बाय होत, हमहन का अगोरी में कौन बाय बुनियाद।
चलकर छेंक ला किला रजवा का, महरा कौन गलती बायंऽ कइले।
राजा देलेन सजाइ बरियाऽर", एकदम उजरल[1] पाल बाय अगोरी।
परजा जूटल किला पर बाय, कितनों राजा दयी के दरबार।
जेकर उज्जर[2] किला हो जाय, जायकर महरा अहिर के उतारय।
महरा बोलल अहीर बाय गरेर, राजा न सुनता महाराजा।
"कहना मानऽ एठिन[3] हमार, तोर[4] भाई कौन गलती बाई कइले।
कोन कइली अगोरी में नकसान, इतना देला सजाय बरियार।"
वह दिन बोलत राजा बाय मोलागत, राम न राम गुन गावै के ठाकुर।

राजा का महरा के साथ कौड़ी खेलने का आग्रह

"सँही गलती अगोरी में तूं नाहीं कइला, गलती कइली अगोरी में बाई हम।
हम फेर बरहो पाल घुम गइली, परजा मिलल नवइयत[5] हमार।
घुमली दुवार जब तोहार, जोड़ी मिलला अगोरी में हमार।
एही बदे[6] कइली एठे बोलाव तोहार, छव व दान का बाय कौड़ी।
एही में लेबा कौड़ी तूं फरियाय, केतऽ[7] भाई राजा बन ऽ अगोरी तूहईं।
केतऽ बनब राजा देखऽ हऽम,दनहूँ का दान बाय बऽढ़त।"
बोलल न अहीर ललकारि, "राजा कौनों हरजा नाहीं बाय।
दान खेलब किला पर बनाय, जेन्हयँ रामयँ दीहैं ऊ[8] लेही।"
राजा बैठत गद्दी पर एक लंगे[9], अहिर बैठत सथरी[10] कुसे के।
अब कुसपैंता बगल बाय दबले, जीतय न दान कूसे का।
कौड़ी मुख-मुख करत बाय जबाब, राजा न कउड़ी बायंऽ छाँकत।
झुकल न दान छली का, अहीर बीनत कोड़ी जब बाऽय।
लेकर छाँकत दाने पर बाय, खुलल न कौड़ी अहिरे का।

महरा की जीत

पहिल न कौड़ी बाय जीतल, राजा का जीतल घोड़ा-घोड़साऽर।
दूसरी न कौड़ी बाय जीतल, राजा का जीतल हथिया-हथिसाऽर।

---

1. उजड़ना (बाहर निकल आने के अर्थ में), 2. आदमियों से भर जाना, 3. यहाँ, 4. तुम्हारा, 5. भावना, ताकत वाला, 6. निमित्त, 7. या तो, 8. वह, 9. तरफ, 10. चटाई,

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

तीसरी न कौड़ी बाय जीतल, गाँव जीतल घटिहटा बाय खाँड़।
जेमें[1] जव-गेहूँ का बाय खान, चौथी न कौड़ी बाय जीतल।
राजा का जीतल आगोरी बाय पाल, पंचयें न कौड़ी बाय जीतल।
राजा का गद्दी किला दरबार, छठवें न कौड़ी बाय जीतल।
कान धर राजा के गद्दी बाय उतरले,[2] अहिर बैठल गद्दी पर जाय।
ओही न नौकर सिपाही से, डुग्गी देलेस किला पर फिरवाय।[3]
महरा अहीर भयल बाय बादसाह, राजा के किला से बाय उतरले।

राजा का देश निकाला

राह लेलेस पच्छिम[4] डहराय, रोवत न राजा बाय मोलागत।
छली का बहत नैना से बाय नीर, राजा के रसते[5] में रोयबे।
साफ-साफ देबा कड़ी बतियाय, काहे रोवत बिपतिया के ओऽर।
वह दिन राजा बोलत मोलागत; "ब्रह्मा न सुनबा भगवान।
कहना मानऽ एठे हमार, एक ठे महरा अहिर देखा रऽहल।
ओकरे[6] में गलती अगोरी में नाहीं बाय, गलती लौकल अगोरी में बाय हमाऽर।
एठे महरा अहिरे के बलवाय कर, जूवा-पासा कौड़ी देखा खेलल।
जीतल न अहिर महरा, कान धर देलेस गद्दी से बहियाऽय।
रोवत बाई बिपतिया के ओऽर," तब फेर सिरी बोलल भगवाऽन।
"एकदम लौटल किला पर जाबा, जाय कर सहुआ-महाजन[7] के दुकाने।
जायकर दुइ-चार सै रुपिया करजा लेबा, महरा से मीठी जबनियाँ बोलकर।
एक हाँथ औरो कौड़ी खेल ला, फेर से पलटी राज तोहार अगोरी।
सुनकर राजा मोलागत लौटल, उतनयँ में ब्रह्मा छपीते[8] हो जाऽय।
रेंङल न राजा बाय रेंङावल, एकदम गयल सहुअन के दरबार।
जाय कर करजा-उवाम बाय काढ़त, जाय कर किला दरबारे में जूटल।[9]
लौकत[10] न अहिर बाय महरा, "तोहार[11] भाई कौन समान बाय छूटल।
तूँ फेर लौटल अगोरी बायऽ राज", फेर[12] राजा न बोलत मोलागत।

सारांश—(8) ब्रह्मा के बताए उपाय से राज्य की पुनर्प्राप्ति—राजा ब्रह्मा के सुझाव का अवलम्बन करता है। जुए का आयोजन होता है। महरा भी पिनक (बहक) में आकर कौड़ी खेलने जाता है। इस बार राजा कुश की सथरी पर और महरा सिंहासन पर बिराजता है।

---

1. जिसमें, 2. कान पकड़ कर उतारना-मुहावरे के आधार पर, 3. डुग्गी पिटवाना मुहावरेदार प्रयोग, 4. पश्चिम दिशा, 5. रास्ता, मार्ग, 6. उसमें, 7. साहू, 8. अन्तरध्यान 9. पहुँचा, 10. दिखाई पड़ा, 11. तुम्हारा 12. फिर।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ब्रह्मा के संकेतानुसार राजा अपने पाँव के नीचे कुशपैंता दाब लेता है, फलतः उसकी जीत होने लगती है, क्योंकि इसी कुशपैंते को दाबने के कारण पहली बार ही महरा की जीज हुई थी, छह दान में ही राजा अपना सब कुछ वापस पा जाता है।

(9) महरिन की कोख जीतना—राजा सातवीं कौड़ी छाँकने के लिए कह कर इस बार की दान पर महरा को अपनी महरिन की कोख रखने की सलाह देता है और बताता है कि जीत होने पर यदि भविष्य में महरिन को कोई लड़का पैदा हुआ तो वह उसे अपने घोड़े का सईस बनायेगा और लड़की पैदा हुई तो उसे रनिवास में रखेगा। महरा इसे स्वीकार नहीं करता और कहता—"रानी (महरिन) की कोख नहीं, आप कहिए तो मैं गेरु पहाड़ या गाय-भैंस को दान पर रख दूँ" राजा नहीं मानता और जबरदस्ती महरिन की कोख जीत लेता है।

अब महरा अपने घर लौटता है। दूर से ही महरा को दुखी देखकर महरिन उसके दुःख का कारण पूछती है। महरा सारी बातें सच-सच बता देता है। तब महरिन उसे बढ़नी (झाड़ू) लेकर मारने दौड़ती है।

कुछ समय के उपरान्त महरिन की कोख से कन्या जन्म लेती है। राजा उसे पालकी-कहार भेज कर मँगवा लेता है। इसी प्रकार छह कन्याओं का जन्म होता है और राजा क्रमशः सबको अपने महल में मँगवा लेता है।

ब्रह्मा द्वारा राजा की सहायता

इन्द्रासन ब्रह्मा व्याकुल हो जाय, ब्रमा अपने में अरथ बाय घटवले।
महरा अहिरे के जातय हवंऽ, ई[1] फेर राजा-दयी के बाय जोर।
अहिरे के गाई-भैंसी बाईं अलम्मा[2] राजा के कौनो निगरानी नाहीं देखाय।
छली व्याकुल होय कर देस में मरिहैं, बड़ा भारी सरीरे पर अपराध।
वह दिन भगवान ब्राह्मन[3] का धइले न रूप, रास्ते में मिलत राजा से बाय।
"कहलेन राजा न सुनबा महराजा, कहना मानऽएठे[4] हमार।
तोर भाई सीधा-सवइया[5] कम होइहैं, इतनयें में घुमता दुवरवाँ दुइ-चार।
ई सब पूछ कर मतलब का करबा, वह दिन ब्रह्मा बोलत बाय ब्राह्मन।
"एक न तुहैं अगोरी के हव ऽमालिक, के फेर दीहैं भिच्छा हमार चुकाय।"
तब फेर राजा बोलत मोलागत, "बाबा रेंऽल अगोरी तूँ जाबा।
जे भाई होइहैं अगोरी में मलिकार, ते फेर दीहैं भिच्छा तोहार चुकाऽय।
नाहीं मालिक उहां[6] कोई लौकी,[7] जाय कर खैबा रजिया में अमोछ[8]"।
तब फेर ब्रह्मा व्याकुल बाय परगट,[9] कहलेन "राजा सुनबा न महाराजा।
कहना मानऽ दरियाँ हमार, न तऽ इहाँ जोगी आयल बाय फकीर।

---

1. यह, 2. सहारा, 3. ब्राह्मण, 4. यहाँ, 5. भोजन के लिए मिला अन्न, 6. वहाँ, 7. दिखलाई पड़ेगा, 8. भोजन विशेष, 9. प्रकट।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हम फेर सीरी[1] हई[2] भगवान, राम नाम गुन गावै के ठाकुर।
लरमी बोलल सबद में बाय, एक हाँथ बाय अगोरी के बाय लागल।
एक हाँथ औरो कौड़ी खेल ला, कितनो न जीतल अहीर बाय महरा।
अहिरे के पिनकल मन जब बाय[3], राजा कौनो हरजा नाहीं बाय।
फेर से खेलय दान तूँ बनाय, फेर से भय गयल दान दुनहूँ का।
अहिर गद्दी पर बैठल; राजा सथरी कुसे के बैठल।
अब कुसपैंता राजा बाय दाबत, वह दिन अहिर कौड़ी बाय छाँकत।
जेकर झुकल दान पुन[4] बाय, खुलल बाय दान छत्री का।
औमे सातय कौड़ी के बाय दान, पहिल न कौड़ी राजा जीतल।
एकदम जीतल घोड़वा आपन घुड़सार, दूसरी न कौड़ी आपन जीतल।
राजा जीतल हथिया-हँथिसार, तीसरी न कौड़ी बाय जीतल।
खाँड़ जीतल घटिहटा[5] बाय गाँव, जेमें जौ-गोहूँ का बाय खान।
चौथी न कौड़ी बाय जीतल, राजा जीतल अगोरी बाय पाल।
पंचवें न कौड़ी बाय छँकले, एकदम जीतल किला भण्डार।
छठपें न कौड़ी बाय जीतल, कान धर देलेस अहीरे के उतार।
राजा न गद्दी पर बैठल।
तब, सतयें न कौड़ी बाय बचल, फेर बोलत राजा बाय मोलागत।
"तूँ महरा न सुनबे तोयें अहीर, सङ्घी मनबे कहल हमार।
यहाँ पर हरबे कोख महिरन का[6], तबय खरीयत[7] अगोरी में बाय।
बेटवा त सूबा जनमिहैं, आयकर किला में भोगाइब रनिवास।"
तब फेर हाथय जोरय करय बिनती, महरा बोलत अहीर अब बाय।
"केतऽराजा रऽखला दाँव बखरी का, के भाई गेरुआ पर्वत पहाड़।
जहाँ गइया-भैंसी नाहीं अभाव, इन्हें दान पर रख लेबा।
छोड़ देबा कोख ब्यही का," राजा जबरी सख्ती[8] बाय कइले।
अगोरी में अपनय जात बाय पुजवले, जबरी जीतल कोख महरिन का।
महरा बड़े सबेरे के बाय बात, एकदम लौटल किला से बाय।
एकदम घरे-दुवारै अपने जाय, महरिन अङ्न बाय बहारत[9]।
जौने दिन लखत सूरत महरे का, बोलत न लिरिया[10] वहाँ बाय।

---

1. श्री, 2. हूँ, 3. मन पिनकना मुहावरा है जिसका अर्थ है उत्साहित होना, 4. फिर से, 5. गाँव का नाम इसमें आए प्रायः सभी गाँव तथा स्थान आज भी विद्यमान है, 6. कोख हारना, महरा की भावी संतान भी राजा के अधीन होगी, 7. खैरियत, कुशल, 8. शख्ती, 9. बटोरही है, 10. स्त्री (पत्नी)।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

"सइयाँ न सुनबा सुखनन्दन, अब सुन लेबा मथवा का महुवार।
कैसन धूमिल चेहरा तोहार बाय, हमके देबा सरेख लगाय।"
तब फेर बोलत अहीर बाय महरा, "ब्यही सम्मय राज राजा लवटवले।
जबरी जीतल कोख बाय तोहार," सुन कर महिरन बढ़नी बाय उठावत।
"के तऽ सइयाँ[1] गाय-भैंस तूं हरता, के फेर दरब[2] हार जाता पुरान।
ई का हरला कोख तूं हकार, देसवाँ में बहुत हिनइया[3] बा देखात।
कहलेस "ब्यही सुनबे तोयं हमार, बहुत न विनती राजा से कइली।
जबरी कइलेस अपने मन के काम, इतना बातय जबाब बा भयल[4]।
समय बीतत अगोरी में बाय, ऐसे-तैसे कुछ दिन बाय बीतय।
जितना जन्मत लड़की महरे का, राजा पलकी[5] कहार बाय सजवात।
ले जाय किला भोगवावत रनिवास, झंखत न धनवाँ बाय महरिन।
कहलेस "हो-हो दयी बाय नरायन, का ब्रह्मा लिखला तलवा-तकदीर।
अगोरी में रजवा फनले बाय रोजगार, वह बखत"[6] सतये गरभ बाय रऽहल।
ऐसे वैसे दिनय महीना गयल निकचाय,[7] सावन-भादो क बाय महीना।
पुरुब न डोलत बाय पुरबइया, पच्छिम बादल घेरत बाय घनघोऽर।
उत्तर न मरले बाय लवकनियाँ, दखिन काँड़य मुसरवा का धाऽर[8]।

